RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 27 | अंक : 113 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# मुसलमानों पर कांग्रेस की नीयत में खोट : प्रधानमंत्री



■ बाबा साहब के संविधान का कांग्रेस ने किया अपमान

■ वोट की खातिर वक्फ कानून में कांग्रेस ने किया था संशोधन

**हिसार ( एजेंसी )।** बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा की जनता को करोड़ों रूपये की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने यहां कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया और कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक का वाइरस फैलाया है। उन्होंने वक्फ कानून पर बोलते हुए कहा कि ये कांग्रेस पार्टी की देन है, जिससे मुसलमानों का नुकसान ही हुआ है। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर गरीबों से जो लूट हुई है, वो अब बंद होने वाली है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों की वजह से एससी-एसटी समुदाय सबसे ज्यादा प्रभावित है। कांग्रेस ने एससी-एसटी-ओबीसी को सेकंड क्लास सिटिजन बना दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का बड़ा नुकसान मुस्लिम समाज को भी हुआ है। कांग्रेस ने कुछ कट्टरपंथियों को खुश किया। बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। कांग्रेस की इस नीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है।

2013 तक वक्फ कानून चलता था लेकिन चुनाव जीतने के लिए, वोट बैंक की राजनीति के लिए 2013 के आखिरी सत्र में कांग्रेस ने इतने सालों से चल रहे वक्फ के कानून में आनफानन में वोट पाने के लिए उसमें संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सके। वोट बैंक को खुश करने के लिए (शेष पृष्ठ-4 पर)

## भगोड़ा हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी गिरफ्तार



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि 65 साल के मेहुल चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। वह अभी भी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील (शेष पृष्ठ-4 पर)

### भांजे नीरव मोदी के साथ वांछित है मेहुल

मेहुल चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 13,500 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। उनके भतीजे नीरव मोदी भी इसी मामले में सह-आरोपी है। उसे भी लंदन से प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक पीएनबी में घोटाला सामने आने से कुछ हफ्ते पहले वह जनवरी 2018 में भारत से भाग गया था।

## बाबा साहब मनुष्य नहीं महामानव थे : मुख्यमंत्री



**लखनऊ ( एजेंसी )।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी कैबिनेट के सभी सहयोगी भी मौजूद रहे। अंबेडकर जयंती पर आज उत्तर प्रदेश में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। इनमें से कई कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिस्सा लेंगे।

अंबेडकर जयंती पर हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कि सर्वसमावेशी, सर्वहितग्राही, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को समृद्ध करते भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन!

वे सच्चे अर्थों में 'भारत रत्न' एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे। समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए उनका संघर्ष हम सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब सामान्य मनुष्य नहीं, वो महामानव हैं, भारत का संविधान प्रत्येक व्यक्ति (शेष पृष्ठ-4 पर)

## अंतरिक्ष बिल्डर व साथियों ने फ्लैट ओनर को दी धमकी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 में अंतरिक्ष बिल्डर व उसके साथियों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित के मुताबिक बिल्डर के कहने पर उसके साथियों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

सेक्टर-78 स्थित सनशाइन हेलियस सोसाइटी में रहने वाले आलोक कुमार यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने सेक्टर-50 स्थित अंतरिक्ष ग्रीन में एक फ्लैट खरीदा हुआ है। 13 अप्रैल की दोपहर को वह अपने दोस्त एके सिंह के साथ अंतरिक्ष ग्रीन सोसायटी में अपने फ्लैट पर जा रहा था।सोसायटी के गेट पर बिल्डर हरेंद्र यादव के कहने पर उसके साथी किशन यादव, अमित मिश्रा व गोपाल ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर जान (शेष पृष्ठ-4 पर)

## प्राधिकरण की टीम ने केनरा बैंक को हराया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर नोएडा स्टेडियम में चल रही पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज नोएडा प्राधिकरण तथा केनरा बैंक की टीम के बीच मुकाबला हुआ। केनरा बैंक की टीम ने पहले बल्लेबाजी की तथा समूची टीम 103 रन बनाकर आउट हो गई। उसके जवाब में नोएडा प्राधिकरण की टीम ने 160 रन बनाकर केनरा बैंक की टीम को परास्त कर दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)



डीजीएम विजय रावल ने ठोंके चार चौके

## अंबेडकर जयंती पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 104वीं जयंती पर आज दलित उत्थान सेवा समिति तथा डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय द्वारा धूमधाम से नोएडा में शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान, गणेश जाटव, उमेश त्यागी समेत कई भाजपाईयों ने डा. अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## सलमान को घर में घुसकर मारने व कार को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को फिर से धमकी मिली है। सलमान को अंडरवर्ल्ड डॉन लारेंस विश्नोई से पहली भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इस बार मुंबई के वर्ली में स्थित परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर एक्टर के लिए धमकी भरा मैसेज किया गया। जिसमें (शेष पृष्ठ-4 पर)



## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक बाइक सवार के खिलाफ दुर्घटना कर मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जनपद शाहजहांपुर निवासी चंदा बेगम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 अप्रैल को उसका पुत्र गुलाम रसूल व पोता अल्तमश बाइक द्वारा बदायूं से नोएडा सेक्टर 63 के लिए आ रहे थे। गुलाम रसूल की बाइक जैसे ही जीटी रोड पर ग्राम बील के पास पहुंची तो पीछे से तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में गुलाम रसूल व अल्तमश को गंभीर चोटे आई। दोनों घायलों को कोट गांव स्थित अशोक (शेष पृष्ठ-4 पर)

## युवक व युवती से मोबाइल छीना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान से बदमाश एक युवक व युवती से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गुलिस्तानपुर गांव में किराए पर रहने वाले अर्पित वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह केलकम कंपनी में नौकरी करता है। 12 अप्रैल की शाम को वह ड्यूटी खत्म कर पैदल अपने घर आ रहा था। वह जैसे ही साइट सी के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। बाइक की स्पीड तेज होने के कारण वह नंबर नहीं देख पाया। उसने इसकी सूचना तुरंत थाना सूरजपुर पुलिस को दी। वहीं थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 11 स्थित धवलगिरी अपार्टमेंट में रहने वाली युवती ने अज्ञात बदमाश द्वारा अपना मोबाइल फोन छीने जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के मुताबिक 10 अप्रैल की शाम को वह ऑफिस से घर आ रही थी। नेहरू युवा केंद्र के पास एक बदमाश उसके हाथ से मोबाइल फोन (शेष पृष्ठ-4 पर)

## उड़ीसा से कैंटर में लाये गांजे की बड़ी खेप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर पुलिस ने गांजे की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर गांजे की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने कैंटर में छुपा कर लाया जा रहा लाखों रुपए मूल्य का 148 किलो गांजा बरामद किया है। तस्कर एनसीआर में सप्लाई करने के लिए गांजा को उड़ीसा से लेकर आए थे।

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि थाना बादलपुर पुलिस टीम गश्त पर थी। पुलिस टीम जब जारचा रोड स्थित अंबुजा सीमेंट कंपनी की तरफ पहुंची तो वहां उन्हें एक कैंटर खड़ा हुआ दिखाई दिया। कैंटर के पास खड़ा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर सकपका कर वहां से जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को दबोच लिया। उक्त व्यक्ति के पास से मिले थेले में गांजा रखा हुआ था। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम इनामुलहक बताया। आरोपी ने बताया कि कैंटर में उसके दो और साथी गांजा लेकर बैठे हुए हैं। इसके बाद पुलिस में शाहनवाज और नोमान को भी दबोच लिया। कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें से छुपा कर रखे गए गांजे के पैकेट बरामद हुए। कैंटर से करीब 148 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा राज्य से गांजा लेकर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बदमाशों ने पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में दो घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस की आज सुबह 3 लुटेरों के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए जबकि इनका एक साथी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो तमंचे, कारतूस, बाइक तथा चोरी व लूट के छह मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इनके फरार साथी की पुलिस तलाश कर रही है।



डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि आज सुबह थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा 130 मी रोड पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तिलपता गोल चक्कर की तरफ से बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक पर आ रहे तीन युवकों को पुलिसकर्मियों ने जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार नहीं रुके और मुड़कर भगाने का प्रयास करने लगे। पीछा करने पर बाइक सवारों ने पुलिस कर्मियों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बाबा साहेब के सपने को मोदी व योगी कर रहे साकार : कैप्टन विकास गुप्ता



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में उल्लेखनीय चहुंमुखी विकास हुए हैं। धर्म, पंथ, सम्प्रदाय, जाति व दलगत से परे सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की तर्ज पर हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकासा कार्य हुए हैं। यह कहना था उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन तथा दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता का। वे सेक्टर-15 स्थित नया बांस में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कैप्टन विकास गुप्ता ने कहा कि डॉ अंबेडकर के समावेशी भारत के सपनों (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सांची ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम

### 4 सेकेण्ड में उल्टे क्रम में A से Z तक वर्णमाला सुनाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** होनहार बिरवान के होत चीकने पात। यह कहावत तकरीबन 6 वर्ष आयु की होनहार छात्रा सांची भाटिया पर सटीक साबित होती है।

सेक्टर-119 स्थित द मिलेनियम स्कूल की छात्रा सांची भाटिया ने अंग्रेजी की वर्णमाला A से Z तकके उल्टे क्रम में मात्र 4 सेकेण्ड में सुनाकर रिकॉर्ड बनाया है। मात्र 5 वर्ष 4 माह की सांची का इस अदभुत का कारनामा करने पर 'IBR Achiever' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सांची ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह रिकॉर्ड बनाते समय सांची केजी-सी कक्षा की छात्रा थीं और अब वह कक्षा 1 में पदोन्नत हो गई हैं।

सांची अपने माता-पिता के साथ सेक्टर-120, नोएडा स्थित अम्रपाली ज़ोडियक में रहती हैं। उनके पिता एक अकाउंट्स प्रोफेशनल हैं और माता बेसिक एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्राथमिक शिक्षिका हैं।



सांची की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल स्कूल समुदाय बल्कि उनका पूरा परिवार गौरवान्वित है। सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने भी सांची की उपलब्धि को देखकर उसको मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया तथा उसका उत्साहवर्धन किया।

ADMISSION OPEN
SARASWATI GLOBAL SCHOOL
NCERT BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

## कांग्रेस का मंथन

कांग्रेस का गुजरात अधिवेशन सम्पन्न हो गया। गुजरात में जनवरी,1961 के बाद, यानी 64 लंबे सालों के बाद कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ है। चूंकि महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष होने की 100वीं सालगिरह है और सरदार पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष है, लिहाजा विरासत की जमीन पर दोबारा खड़े होने और उसके आधार पर राजनीति करना तय किया गया। सवाल है कि आज ही गांधी-पटेल सरीखे महानायकों के गढ़ की याद क्यों आई, जबकि लोकतंत्र, समाजवाद, समावेशिता, धर्मनिरपेक्षता आदि कांग्रेस के परंपरागत वैचारिक मूल्य आज धुंधले हैं। उनके जुमले ही सुनाई देते हैं। गुजरात 1995 से भाजपा का राजनीतिक गढ़ है। भाजपा लगातार 7 चुनाव जीत चुकी है। मौजूदा सदन में कांग्रेस के मात्र 12 विधायक हैं और गुजरात में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति को ध्वस्त करने की हुंकार कांग्रेस ने भरी है। कांग्रेस के सामने प्रासंगिक और स्वीकार्य होने की बेहद गंभीर चुनौती है। अधिवेशन के उपसंहार में विचारधारा और राष्ट्रवाद पर डटे रहने का आह्वान निहित है, लेकिन पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दलितों, मुसलमानों के अलावा ओबीसी को भी कांग्रेस के साथ जोडने की बात कही है। ब्राह्मण लगभग भाजपा के पाले में जा चुके हैं। दरअसल 1990 में मंडल आयोग की रपट पारित करने के बाद ओबीसी कांग्रेस का समर्थक-वर्ग रहा ही नहीं। पिछड़े और अति पिछड़े स्थानीय और क्षेत्रीय दलों के बीच बंट गए अथवा प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र-बिंदु बनने के बाद ओबीसी भाजपा की ओर ध्रुवीकृत हो गए। कांग्रेस ओबीसी के बीच अपना जनाधार कैसे बनाएगी, अधिवेशन के बावजूद यह स्पष्ट नहीं हुआ। इंदिरा गांधी के दौर में जब कांग्रेस सत्तारूढ़ होती थी, तब भी दलित, मुसलमान, सवर्ण, आदिवासी कांग्रेस के जनाधार होते थे, लेकिन पिछड़े कम ही कांग्रेस के साथ थे। अब कांग्रेस का नए सिरे से पुनरोत्थान कैसे होगा और वह पहले की तरह स्वीकृत और स्थापित पार्टी कैसे बनेगी, इस पर दावे तो खूब किए गए हैं, नेताओं-कार्यकर्ताओं का जोशीला आह्वान भी किया गया है, लेकिन पार्टी के जिला अध्यक्षों को ताकतवर बनाने से ही यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। राष्ट्रवाद आरएसएस-भाजपा का स्वीकार्य विचार है। महात्मा गांधी का राष्ट्रवाद बिल्कुल ही अलग है। कमोबेश कांग्रेस ने गांधी के राष्ट्रवाद को नहीं अपनाया है। कांग्रेस का राष्ट्रवाद क्या जातीय जनगणना से ही तय होगा? जातीय जनगणना और संविधान का फर्जी नेरेटिव कांग्रेस, सपा और विपक्ष के एक तबके ने लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचारित किया था। खासकर दलितों में भ्रम फैलाया गया कि यदि भाजपा-एनडीए को 400 सीटें मिल गईं, तो सरकार संविधान को बदल सकती है। यदि संविधान के कुछ विशेष प्रावधान खत्म किए गए, तो आरक्षण भी समाप्त हो सकता है। केंद्र में भाजपा-एनडीए की सरकार है और संविधान-आरक्षण के साथ ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है, लिहाजा जो दलित कांग्रेस की ओर गए थे, अब लौट कर अपना नया नेतृत्व तलाश रहे हैं। दलित भाजपा की ओर भी लौट रहे हैं। कांग्रेस के सामने यह भी गंभीर चुनौती रहेगी। आज कांग्रेस की स्थिति यह है कि देश के 5 राज्यों की विधानसभाओं में उसका कोई भी विधायक नहीं है। 9 राज्यों की विधानसभाओं में 10 से भी कम विधायक हैं। कांग्रेस के 3 ही मुख्यमंत्री हैं और तीन गठबंधन सरकारों में वह शामिल है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने गए, तब भी कांग्रेस के 12 मुख्यमंत्री होते थे। गौरतलब यह है कि यह गांधी की कांग्रेस भी नहीं है। इंदिरा गांधी के दौर में 1966 में पार्टी दोफाड़ हो गई थी और इंदिरा ने अपने नाम से कांग्रेस बनाई थी। वही कांग्रेस आज हमारे सामने है और प्रधानमंत्री मोदी सरदार पटेल की विरासत को भाजपा के पाले में ला चुके हैं। विरासत की लड़ाई में जनता क्या तय करती है और किसे ज्यादा प्रासंगिक पार्टी के तौर पर स्वीकार करती है, अब यह सबसे अहम यक्ष-प्रश्न है। कांग्रेस को अपने संगठन को चुस्त-दुरुस्त करना होगा और अहम मसलों पर सरकार को घेरने की ठोस रणनीति बनानी होगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वे साग, फल और कन्द का आहार करते थे और सच्चिदानंद ब्रह्म का स्मरण करते थे। फिर वे श्री हरि के लिए तप करने लगे और मूल-फल को त्यागकर केवल जल के आधार पर रहने लगे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**उर अभिलाष निरंतर होई। देखिअ नयन परम प्रभु सोई॥**
**अगुन अखंड अनंत अनादी। जेहि चिंतहिं परमारथबादी॥**

हृदय में निरंतर यही अभिलाषा हुआ करती कि हम (कैसे) उन परम प्रभु को आँखों से देखें, जो निर्गुण, अखंड, अनंत और अनादि हैं और परमार्थवादी (ब्रह्मज्ञानी, तत्त्ववेत्ता) लोग जिनका चिन्तन किया करते हैं॥

**नेति नेति जेहि बेद निरूपा। निजानंद निरुपाधि अनूपा॥**
**संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस तें नाना॥**

जिन्हें वेद 'नेति-नेति' (यह भी नहीं, यह भी नहीं) कहकर निरूपण करते हैं। जो आनंदस्वरूप, उपाधिरहित और अनुपम हैं एवं जिनके अंश से अनेक शिव, ब्रह्मा और विष्णु भगवान प्रकट होते हैं॥

**ऐसेउ प्रभु सेवक बस अहई। भगत हेतु लीलातनु गहई॥**
**जौं यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजिहि अभिलाषा॥**

ऐसे (महान) प्रभु भी सेवक के वश में हैं और भक्तों के लिए (दिव्य) लीला विग्रह धारण करते हैं। यदि वेदों में यह वचन सत्य कहा है, तो हमारी अभिलाषा भी अवश्य पूरी होगी॥

(क्रमशः...)

# योगी ने साकार किया राम को रोटी से जोड़ने का सपना

अपने यहां कहा जाता है, जिसने जन्म दिया वही रोटी का भी इंतजाम करेगा। यह ऊपरवाले पर मुकम्मल भरोसे के साथ इस बात की ओर भी संकेत करता है कि अगर अपने इष्टदेवों से जुड़े स्थलों को सजा सवार दिया जाय। वहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा के मद्देनजर बुनियादी सुविधाएं विकसित कर दी जाएं तो वहां भारी संख्या में रोजी रोजगार के अवसर स्थानीय और आसपास के लोगों को उपलब्ध होते हैं। यह राम को रोटी को जोड़ने जैसा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा। सरकार का अनुमान था कि करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में करीब 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल होंगे, पर शामिल हुए 66 करोड़ से अधिक लोग। इनमें से बहुतों की मंजिल सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, काशी, अयोध्या, वनगमन के दौरान जहां भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता सहित राम को निषादराज ने जहां उनको गंगा पार कराया था वह श्रृंगवेरपुर और वनगमन के दौरान राम ने मंदाकिनी के तट पर जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय गुजारा था, वह भी थी। कई लोगों ने विंध्याचल स्थित मां जगदंबा के दरबार में भी हाजिरी लगाई।

अब एक पर्यटक ने औसतन इस दौरान कितना खर्च किया। इस खर्च का कितना कितना लाभ इस सेक्टर्स से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय लोगों को मिला। केंद्र और राज्य सरकार के हिस्से में प्रयागराज के महाकुंभ और काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और राममंदिर एवं अयोध्या के कायाकल्प पर हुए खर्च की तुलना में कितना लाभ हुआ, यह अर्थशास्त्र के जानकारों के लिए अनुमान विषय है। पर, यह निर्विवाद सच है कि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद से लाभ में सब रहे। साथ ही इसने उत्तर प्रदेश के लिए संभावनाओं का एक नया और बड़ा दरवाजा खोल दिया। क्योंकि, बहुसंख्यक समाज के रोम रोम में बसने वाले राम की अयोध्या, तीनों लोकों से न्यारी शिव की काशी और राधा कृष्ण की जन्म भूमि, ग्वाल बालों और गोपियों के साथ लीला के स्थल ब्रज उत्तर प्रदेश में है। इन सभी जगहों की संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार यहां आने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से लगातार काम भी कर रही है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा।

इसका नतीजा है कि पर्यटकों की आमद के हिसाब से उत्तर प्रदेश लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2022 से ही घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर बना हुआ है। सरकार के आंकड़ों पर गौर करें तो 2017 में उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या मात्र 24 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 65 करोड़ हो गई। आठ वर्षों में 41 करोड़ की यह वृद्धि खुद में अभूतपूर्व है। स्वाभाविक है कि महाकुंभ के नाते 2025 एक नया रिकॉर्ड रचेगा। यह संख्या एक अरब का ऊपर तक जा सकती है।

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 60 फीसद से अधिक घेरलू यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा देनी होती है। यह सारा काम उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संजीदगी से कर रही है।

यह सब यूं ही नहीं हुआ। इसकी पृष्ठभूमि मार्च 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तभी से शुरू हो गई थी। तब अयोध्या जाना तो दूर की बात, कोई नेता अयोध्या का नाम तक नहीं लेना चाहता था उस अयोध्या में वह बार बार गए। हर बार उन्होंने अयोध्या को विकास की बड़ी सौगात दी। दीपावली के एक दिन पूर्व भव्य दीपोत्सव आयोजन कराया। इससे एक बार फिर देश-दुनिया में राम को मानने वालों का ध्यान अयोध्या की ओर गया। राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने और मंदिर का शिलान्यास होने के बाद तो केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया। मुख्यमंत्री की मंशा अयोध्या को दुनिया की सबसे खूबसूरत पर्यटन नगरी बनाने की है। इसे वे कई बार सार्वजनिक मंचों से भी कह चुके हैं। उसी मंशा के अनुरूप अयोध्या में लगातार काम भी हो रहे है। काशी, प्रयाग, ब्रज क्षेत्र पर भी उनका इसी तरह फोकस है।

उल्लेखनीय है कि राम और रोटी का रिश्ता अटूट है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राम मंदिर आंदोलन को धार देकर भाजपा ने इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख एजेंडा बनाया। करीब 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद जब राम मंदिर आंदोलन के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हुआ तो केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा ही सत्ता में रही। सोने पर सुहागा यह कि इस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ थे। यह वह पीठ है जिसका राम मंदिर आंदोलन से वास्ता करीब 100 वर्षों का है। योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और खुद योगी आदित्यनाथ राम मंदिर आंदोलन के हर महत्वपूर्ण घटना के समय मौजूद रहे। ऐसे में जनमानस के मन में यह बैठ गया है कि अयोध्या में श्रीराम को फिर से पुनर्स्थापित करने का काम भाजपा ने किया। इस काम में गोरक्षपीठ की अहम भूमिका रही। बतौर पीठ के पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल इस कसौटी पर खरे उतरे, बल्कि काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य धार्मिक स्थलों के नियोजित विकास से अपने पद एवं दायित्व के अनुसार उसे विस्तार भी दिया। यह सिलसिला अभी जारी है।

**-अंकित सिंह**

## बलूचिस्तान का तीर्थ हिंगलाज धाम

चैत्र-वैशाख का मास हो और हिंगलाज देवी तीर्थ स्थल की चर्चा न हो, यह संभव नहीं है। बलूचिस्तान में लासबेला कभी रियासत हुआ करती थी। लास का अर्थ है समतल मैदान और बेला का अर्थ है जंगल। लेकिन अब यह रियासत बलोचिस्तान का ही हिस्सा है। इसमें कोई शक नहीं कि यह समतल भी है और यहां जंगल भी है। लेकिन जहां जंगल होगा, वहां पहाड़ भी होना चाहिए। सचमुच यहां पहाड़ भी है। दरअसल बलोचिस्तान में मकरान के विशाल मरुस्थल में खेरथार पर्वत श्रंखला सभी को आकर्षित करती है। यह सारा क्षेत्र सिंध प्रदेश से जुड़ा हुआ है। इस खेरथार पर्वत श्रंखला के अंतिम चरण में शिखर पर सप्तसिन्धु क्षेत्र का ऐतिहासिक तीर्थ धाम स्थित है। इसी पर्वत के चरणों मे हिंगोल नदी बहती है। वैसे हिंगोल का अर्थ लाल होता है। यह तीर्थ धाम सिन्ध प्रदेश की राजधानी कराची से लगभग 250 किलोमीटर, ग्वादर से 125 किलोमीटर की दूरी पर है। वैसे कहा जा सकता है कि अरब सागर इस तीर्थ क्षेत्र के चरण पखारता है क्योंकि अरब सागर इससे केवल बीस किलोमीटर दूर है। इस तीर्थ धाम में अनेक ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं, लेकिन इस इतिहास का आरंभ होता है हिंगलाज माता के मंदिर से। पहाड़ की अनेक गुफाओं में से एक गुफा में हिंगलाज माता पिंडी रूप में विद्यमान हैं। हिंगलाज देवी का यह मंदिर बावन शक्तिपीठों में से एक है। देश भर में फैले सती के बावन शक्तिपीठों में से एक बलूचिस्तान में स्थित है और दूसरा सिन्ध प्रदेश में कराची में स्थित है। सती के इन बावन शक्तिपीठों का इतिहास अफगानिस्तान से लेकर कन्याकुमारी तक जन स्मृतियों का सनातन हिस्सा है। इसलिए सबसे पहले इस इतिहास की चर्चा। दक्ष प्रजापति अपने समय के महाप्रतापी राजा थे।

उनकी पुत्री सती ने पिता की इच्छा के विपरीत शंकर से विवाह किया था। इसलिए प्रजापति ने अपनी पुत्री और दामाद से सभी संबंध तोड़ लिए थे। एक बार प्रजापति ने यज्ञ का आयोजन किया था। उसमें उसने सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन अपने दामाद और पुत्री सती को निमंत्रण नहीं भेजा। महर्षि नारद घूमते हुए आए तो उन्होंने सती को बताया कि उसके पिता बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं। तब सती ने अपने पिता के इस यज्ञ में जाने का निर्णय कर लिया। शिव ने समझाया कि बिना निमंत्रण के कहीं जाना सम्मानजनक नहीं होता। लेकिन सती का तर्क था कि पिता के घर जाने के लिए भला पुत्री को निमंत्रण की आवश्यकता होती है? शिव के रोकने के बावजूद सती अपने पिता के इस यज्ञ समारोह में पहुंच गईं। यज्ञ में सभी सगे संबंधी उपस्थित थे। सती ने अपने पिता दक्ष से पूछ लिया कि आपने शंकर जी को क्यों नहीं बुलाया। दक्ष ने सभी के सामने गुस्से में आकर शंकर के लिए अपशब्द कहे। सती पिता के इस व्यवहार से अत्यंत आहत और अपमानित हुईं और उसने वहीं यज्ञ अग्निकुंड में कूद कर अपने प्राण दे दिए। शंकर जी को इस दुर्घटना का पता चला। वे क्रोधोन्मत्त हो उठे। उनके गणों ने तांडव मचा दिया। सभी आमंत्रित अतिथि इधर-उधर भाग गए। यज्ञ विध्वंस हो गया। शिव ने सती का शरीर अग्निकुंड से निकाला और उसे कंधे पर उठाकर चल पड़े। उनके दुःख का आवेग शांत नहीं हो रहा था। लगता था वे अपने क्रोध की अग्नि से सारे संसार को राख कर देंगे। जाहिर है इससे सभी को चिंता हुई। जब तक शंकर के कन्धे पर सती का शरीर रहेगा तब तक वे शांत नहीं होंगे। विष्णु ने इसका समाधान निकाला। वे अपना सुदर्शन चक्र लेकर शंकर के पीछे



चल पड़े और समय देख कर सती के शरीर का कोई न कोई अंग काटने लगे। सती के शरीर के बावन अंग देश के अलग-अलग भागों में गिरे और कालांतर में उन सभी स्थानों पर बावन शक्तिपीठों की स्थापना हुई। कहा जाता है कि जिस स्थान पर ब्रह्मरंध्र यानी सिर का ऊपरी भाग गिरा, वहां हिंगलाज देवी के नाम से शक्ति पीठ बना। धीरे-धीरे यह सप्त सिंधु क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो गया। इस तीर्थ स्थल पर हिंगलाज देवी के मंदिर के अतिरिक्त शंकर का मंदिर है। गणेश जी, काली माता का भी मंदिर है। इसके अतिरिक्त राम झरोखा है। ब्रह्म कुंड, क्षीर कुंड, अनिल कुंड तो हैं ही, इसके साथ अघोर पूजा मंदिर भी विद्यमान है। यानी कार्तिकेय को छोडकर पूरा शिव परिवार तो है ही, वैष्णवों का राम झरोखा भी विद्यमान है। माना जाता है कि इस तीर्थ धाम में चौरासी पर्वतों का समूह है। एक प्रकार से यह देव स्थल है। पहाड़ों के शिखरों को देख कर कुछ लोग इन्हें मिट्टी की ज्वालामुखियों से निर्मित भी मानते हैं।

यहां की चन्द्र गुफा में ही माता विद्यमान है। लेकिन धीरे धीरे इस तीर्थ स्थल का तो क्या, पूरे सप्त सिन्धु क्षेत्र का ही परिदृश्य बदलने लगा। सातवीं शताब्दी में जब अरब क्षेत्र में इस्लाम पंथ का उदय हुआ तो उसका प्रभाव अफगानिस्तान तक भी पहुंचा, लेकिन इसे वहां तक पहुंचने में लगभग तीन सौ साल लगे। वैसे 712 में एक अरब सेनापति मोहम्मद बिन कासिम ने सिन्ध के रास्ते भारत के अंदर घुसने की कोशिश की थी। लेकिन वह सिंध से आगे नहीं बढ़ सका। अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए इस्लाम पंथ को तीन सौ साल लगे। उसने यह यात्रा 1000 के आसपास पूरी की। अफगानिस्तान के पश्तूनों और खत्रियों ने अरबों व तुर्कों का मुकाबला तो किया, पर सफलता नहीं मिली। ध्यान रखना चाहिए जिस समय तुर्क अफगानिस्तान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, उस समय अफगानिस्तान में खत्री बिरादरी ही सरकार चला रही थी। उसे हिंदुशाही कहा जाता है। पश्तून उस समय तथागत बुद्ध की पताका लहरा रहे थे। लेकिन तुर्कों के हमलों व विजय ने सब उथल पुथल कर दिया। इस पराजय के बाद ही पश्तून, हजारा, बलूच, सिंधी व खत्री बिरादरी के लोगों ने इस्लाम पंथ को स्वीकार कर लिया। लेकिन इसे आश्चर्य ही कहा जाएगा कि इस्लाम पंथ को अपनाने के लिए खत्री आगे नहीं आए। कुछ खत्री भी इस्लाम पंथ में मतांतरित हो गए, लेकिन अधिकांश ने अपनी सनातन परंपरा को ही पकड़े रखा। शायद इसका बहुत बड़ा कारण नाथ पंथ और कालांतर में नानक पंथ भी रहा हो। हिंगलाज देवी मंदिर पर्वत पर गुरु गोरखनाथ धूनी और गुरु नानक देव खाराओ को इसी पृष्ठभूमि में समझा जा सकता है। कहा जाता है कि हिंगलाज देवी तीर्थ यात्रा तभी पूरी मानी जाती है जब देवी मंदिर के बाद गोरखनाथ धूनी और नक खाराओ के भी दर्शन कर लिए जाएं। इस्लाम के प्रवाह को रोकने में नाथ परम्परा और दशगुरू परंपरा का सर्वाधिक योगदान कहा जा सकता है।

इसमें कितनी सफलता मिली कितनी नहीं, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के पश्तूनों, बलोचों, खत्रियों और सिद्धियों ने मजहब तो बदल लिया, लेकिन किसी न किसी रूप में या फिर किसी न किसी अंश रूप में अपनी सनातन परम्पराओं को भी पकड़े रखा। इसीलिए देसी मुसलमान अभी भी हिंगलाज देवी मंदिर को नानी का घर कहते हैं। हिंगलाज देवी खत्रियों की कुलदेवी है। यही कारण है कि नवरात्रों में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनखवा, सिन्ध और पश्चिमी पंजाब से जो तीर्थ यात्री आते हैं, उनमें से अधिकांश खत्री बिरादरी के ही होते हैं। दरअसल खत्री बिरादरी क्षत्रिय शब्द का ही अपभ्रंश है। तमाम राजनीतिक व मजहबी उथल-पुथल के बाद भी बलूचों, पश्तूनों और सिन्धियों की हिंगलाज देवी के प्रति आस्था व विश्वास कम नहीं हुआ। इन बिरादरियों के बहुत से लोग भी हिंगलाज माता को अपनी कुलदेवी मानते हैं। यह का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है, इसलिए पाकिस्तान के खत्री समाज ने सरकार से इसकी गुजारिश की है।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
**वरिष्ठ स्तंभकार**

## राशिफल

**चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अलग सा रौब और रुआब आपमें आ चुका है। प्रेम, संतान का साथ है। व्यापार अच्छा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन जीत आपकी होगी। सरकारी तंत्र से पंगेबाजी न करें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। स्वास्थ्य भी प्रभावित दिख रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा। कलह से बचें। घरेलू सुख बाधित रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम अभी भी है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। उच्चाधिकारियों का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्यवश काम बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

# गांव चलो अभियान के तहत भाजपा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज जनपद के विभिन्न गांवों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरशोर से जनसंपर्क कर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया। इस अभियान का उद्देश्य संगठन की नीतियों और सरकार के आठ वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने लुक्सर गांव के बूथ संख्या 33 पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ चौपाल का आयोजन किया और सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। वहीं क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया ने छपरोला गांव के बूथ संख्या 192, 193 और 194 पर पहुँचकर ग्रामीणों से संवाद किया।

इसके साथ ही जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने जेवर मंडल और गुलावली शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 709 पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गली-गली घूमकर पत्रक वितरण किया और भाजपा के झंडों के साथ जनसंपर्क किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया ने कहा, प्रदेश सरकार के आठ साल बेमिसाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सेवा, समर्पण और सुशासन का मॉडल बन चुका है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में भव्य राम मंदिर का निर्माण और महाकुंभ जैसे ऐतिहासिक आयोजन, जिनमें 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक समृद्धि को दर्शाते हैं।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनपद के प्रत्येक गांव और बूथ तक पहुंच रहे हैं। प्रत्येक बूथ पर आज अंबेडकर जयंती भी मनाई। जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ राष्ट्र सेवा में समर्पित रहते हैं।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र कोरी (जिला महामंत्री), पवन नागर, दीपक नागर, वीरेन्द्र भाटी, मनोज गर्ग, दीपक भारद्वाज, सतेन्द्र नागर, कर्मवीर आर्य, अरुण प्रधान, रवि जिन्दल, महेंद्र नागर, दिनेश भाटी, सुनील भाटी, आनन्द भाटी, बीरपाल मावी, संजीव चौहान, सत्यपाल शर्मा, पवन रावल, महेश शर्मा, अर्पित तिवारी, राज नागर, रजनी तोमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर जनसंपर्क कर रहे हैं।

## नागाबाबा



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

हमारा भारतवर्ष महान देश है
इसकी लाखों बोलियां करोड़ों वेष हैं
साधुओं में भी कोई लठधारी कोई मठधारी
कोई नंग धडंगकोई ब्रह्मचारी
पर इस बार प्रयागराज अमृत स्नान में
नागा महिलाओं के दर्शन पर जोर
और शोर रहा भारी।
भगवान भी आते हैं तो यहां की
महिमा देखकर चकरा जाते हैं ।
फिर भी उनका हमारे देश से इतना प्यार है कि -
किसी ने पुकारा तो दौड़े चले आते हैं
दिल की पुकार पर ही, भगवान श्री राम ने खाए
थे शबरी के झूठे बेर
और भगवान कृष्ण ने दुर्योधन का मेवा त्याग
विदुर घर साग खाया है,
हमारे ऋषियों ने भगवान को हमेशा
भक्तों के वश में बताया है।
इधर कुछ बेरोजगार नौजवान
भगवान के इस व्यवहार को अच्छी तरह समझ
गए हैं और वे भी भगवान को रिझाने के लिए
प्रयागराज जाकर नागा साधु बन गये हैं।
अब वे नंग धड़ंग घूमते हैं
उन्हें देखकर अंग प्रदर्शन की स्वतंत्रता के लिए
कुछ और भी नौजवान नागाबाबा
बनने का मन कर रहे हैं।
क्योंकि उनके नागाबाबा बन जाने पर
न खाने पीने के लाले रहेंगे, न गांजा शराब के
ठाले रहेंगे।
ऊपर से चेले चेलियों को भी पाले रहेंगे।
न नागाबाबा के न चेले चेलियों के तन पर कोई
कपड़ा रहेगा।
न किसी बात का लफड़ा रहेगा।
युवा नागाबाबा कुमारी चेली को बोलते हैं।
ओ डार्लिंग जरा कोई बढ़िया सा भजन सुनाओ!
चेली ने स्विच ऑन किया
एक हाथ कूल्हे पर दिया जोर-जोर से भजन का
कैसेट बजने लगा,
छोड़ दो आंचल जमाना क्या कहेगा जरा बताइए
नागा शिष्या को आंचल है ही कहां
जिसे पकड़ा या छोड़ा जाएगा।
यह भजन आधुनिक नागा बाबा को बहुत अच्छा
लगता है बाबा जी ने
गांजे की जोरदार कस लगाया और चेली के
साथ-साथ गाने लगे
दम मारो दम मिट जाएगा गम दममारो दम मिट
जाए ग़म
साथ में और नागाबाबा दुहराने लगे- रम पियो
रम, रम पियो रम,
मिट जाए गम मिट जाए गम
बोलो सुबह शाम आसाराम आसाराम। आसाराम।

## दूसरे दिन बाराही मेले में शेखचिल्ली-रुखसाना की हास्य प्रस्तुति से गूंजा पंडाल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर में आयोजित प्राचीनकालीन ऐतिहासिक बाराही मेला के दूसरे दिन का आयोजन हास्य और मनोरंजन से सराबोर रहा। प्रसिद्ध हास्य कलाकार हरिराम तूफान उर्फ शेखचिल्ली और मौनी शर्मा उर्फ रुखसाना एवं उनकी पार्टी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में चुटीले संवादों और रोचक अभिनय ने हंसी की फुहारें बिखेरीं और लोगों को भरपूर मनोरंजन का अवसर मिला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, बाराही मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में पिरोता है और परंपराओं को सहेज कर रखने का कार्य करता है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन में विधायक तेजपाल नागर का पारंपरिक स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महामंत्री ओमवीर बैसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र ठेकेदार, विनोद सिकंदराबादी, जगदीश भाटी एडवोकेट, केडी गुर्जर, रवि भाटी, अनिल भाटी, और पवन जिंदल उर्फ लाला पन्नी ने उन्हें पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि मेला आगामी दिनों में और भी आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा। कल शाम अतुल डांस एकेडमी नोएडा और राजबाला सपेरा एंड पार्टी के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ होंगी। वहीं रात्रिकालीन रागनियों में सुरेश गोला, संध्या चौधरी पलवल, दिनेशा गुड़गांव, भावना भाटी गाजियाबाद, बॉबी बघेल हसनपुर, और नानकचंद मोदीनगर अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगे।

इस आयोजन में दीपक भाटी एडवोकेट, सतपाल शर्मा, सुभाष शर्मा जिंस वाले, धर्मवीर तंवर, महराज सिंह उर्फ पप्पू, हरिकिशन, ब्रह्म सिंह नागर सहित समिति के अन्य कई पदाधिकारीगण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने मनाई बीपी मंडल की पुण्यतिथि



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और महान समाज सुधारक बीपी मंडल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीपी मंडल को अन्य पिछड़े वर्गों का नायक कहा जाता है। उन्होंने भारत का सामाजिक तानाबाना बदल डाला था। बीपी मंडल ने देश भर में पिछड़ों के सामाजिक और शैक्षणिक हालात का जायजा लेने के लिए पूरे देश का भ्रमण किया और तब मंडल आयोग की रिपोर्ट तैयार किया था। पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाने का काम किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि बीपी मंडल का जीवन सादगी और सहजता से भरा था।

उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाने और सामाजिक कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किया। बीपी मण्डल ने मण्डल कमीशन रिपोर्ट में पिछडो कि वास्तविक स्थित का सही आकलन कर उन्हें समाज कि मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया। इस मौके पर मुख्य रुप से रामसरन एडवोकेट, यूनुस प्रधान, मेहंदी हसन, विकास जतन, प्रवीण भाटी, देवेंद्र टाइगर, सुदेश भाटी, दीपक नागर, सुभाष भाटी, हैप्पी पंडित, वकील सिद्दकी, असगर सैफी, अनूप तिवारी, प्रदीप भाटी, नूर मौहम्मद, असरफ खान, आदि मौजूद रहे।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने भव्य कलश यात्रा का किया आयोजन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में ग्रेटर नोएडा के रामलीला ग्राउंड, सेक्टर पाई, बिरौड़ा-ऐच्छर में 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के शुभारंभ से पूर्व 12 अप्रैल को एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित हुए।

यह कलश यात्रा रामलीला मैदान से आरंभ होकर ऐच्छर, अम्बे भारती सोसायटी, एल्डीको मीडोज ग्रीन सोसायटी, और आईटीबीपी पुलिस सोसायटी होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में लगभग 950 बहनों और महिलाओं ने भाग लिया, जिन्होंने सिर पर कलश रखकर दिव्यता और आध्यात्मिकता का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। कलश यात्रा के साथ-साथ संस्थान के सामाजिक प्रकल्प 'संरक्षण' के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन हेतु एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। संस्थान में निःस्वार्थ भाव से कार्यरत युवतियों द्वारा यह रैली निकाली गई, जिसमें आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस पावन अवसर पर अभिषेक शर्मा (जिलाध्यक्ष, भाजपा), महेश शर्मा (मंडल अध्यक्ष), जी.पी. गोस्वामी (असिस्टेंट कमिश्नर, इंडस्ट्रीज), रजनी तोमर (महिला मोर्चा अध्यक्ष), अजीत मुखिया (जिला संयोजक), शेखर प्रधान (ऐच्छर), देवेंद्र नागर (अध्यक्ष, एल्डीको मीडोज़ ग्रीन), राजू भाटी (जिला महामंत्री, ऐच्छर), चैनपाल जी (प्रधान, बिरोंडा), रवि जिंदल (भाजपा नेता), सुरेंद्र सिंह तोमर (समाजसेवी), सौरव एवं गौरव अग्रवाल (के मंगल सोल्यूशन्स प्रा. लि.) आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण की नीतियों के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

पल्ला गांव स्थित अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यालय पर एक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता रोबिन भाटी ने की। पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और एकमत होकर फैसला लिया कि जब तक ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी द्वारा गांव की आबादी के पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन को लेकर स्पष्ट स्थिति नहीं दी जाती, तब तक किसी भी अधिकारी को गांव में न तो सर्वे करने दिया जाएगा और न ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

ग्रामीणों ने डीएमआइसी परियोजना की बाउंड्री वॉल को गांव की सीमा में बनाने का कड़ा विरोध किया और कहा कि इसे किसी भी कीमत पर नहीं बनने दिया जाएगा।

ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि अथॉरिटी द्वारा गांव के खेतों को बहुत ही कम कीमत पर अधिग्रहित किया गया है और किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत मिलने वाले लाभों से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कई बार आंदोलन करने के बावजूद अथॉरिटी केवल आश्वासन ही देती रही है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अब ग्रामीणों को आशंका है कि अथॉरिटी की नजर गांव की आबादी पर है। इसके विरोध में सभी ग्रामवासी एकजुट होकर संघर्षरत हैं और अथॉरिटी के दमनकारी रवैये के खिलाफ अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे।

इस मौके पर वीर सिंह प्रधान, रामपत, महकार भाटी, कंवर भाटी, अजब सिंह नेताजी, बिरम भाटी, इंदर प्रधान, राजेश भाटी, दीपक भाटी, राजन, विकास नेताजी, उधम भाटी, विनोद मास्टर जी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक अच्छा इंसान और मिलनसार शायर हमारे बीच से चला गया : भोलानाथ



**मिर्जापुर (चेतना मंच)।** जनपद के मशहूर शायर जनाब ताबिश इकरामी की याद में रविवार को इम्तियाज अहमद गुमनाम के तरकापुर स्थित आवास पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक वक्ताओं ने उनकी शायरी के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की। वक्ताओं ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें एक नेकदिल इंसान बताया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गंभीर ने कहा कि वे एक बड़े शायर थे। वे देश के जाने-माने शायर हुरमतुल इकराम के शागिर्द थे। उर्दू शायरी करने वालों को वे इसकी बारीकियों को समझ कर लिखने की सलाह देते थे। वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि एक अच्छा इंसान और मिलनसार शायर हमारे बीच से चला गया। सैयद कासिम अली ने उनके साथ की कई रोचक घटनाओं का उल्लेख करते हुए सुनाया अदबो हुनर की शान बढ़ाकर चले गए, फन जिसके थे माहिर, सबको सिखाकर चले गए। गीत-ग़ज़ल की दुनिया में सबके थे क़रीब, उर्दू अदब में नाम ताबिश अपना कमा कर चले गए।

मुहिब मिर्जापुरी ने सुनाया अहले सुखन की बज़्म सजाकर चला गया, इल्मो-अदब की समा जलाकर चला गया। अनवर असद, सेराज और शाहिद के साथ-साथ उर्दू का एक और सुखनवर चला गया।

इसके अतिरिक्त, दानिश जैदी ने बताया कि वे उनके पिता से मिलने आया करते थे। जनता साप्ताहिक के संपादक अता उल्लाह सिद्दीकी ने कहा कि उनकी ग़ज़लें जनता में हमेशा प्रकाशित होती थीं। गुमनाम मिर्जापुरी ने कहा कि वह उनके घर अक्सर आया-जाया करते थे और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। आनंद केसरी ने बताया कि उनके घर होने वाली कवि गोष्ठियों में ताबिश साहब की उपस्थिति नियमित रहती थी।

## किसानों की माँगें नहीं मानी गईं तो होगा बड़ा प्रदर्शन : सचिन

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** वेव सिटी बिल्डर और किसानों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसानों ने 13 अप्रैल को एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया, जिसमें आंदोलन की अगली रणनीति तय की गई। किसानों ने साफ कहा है कि यदि 16 अप्रैल तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा। महापंचायत में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (अजगर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा ने कहा कि, यह सिर्फ मुआवज़े की नहीं, बल्कि किसानों की अस्मिता और अधिकार की लड़ाई है। यदि मांगे नहीं मानी गईं, तो हम सड़कों को जाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शर्मा यादव, प्रदेश अध्यक्ष निशांत भड़ाना, प्रदेश महासचिव राकेश कसाना, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजेश नागर, प्रदेश संगठन मंत्री विपुल चौधरी, दीपक भड़ाना (जिला अध्यक्ष मेरठ), कुलदीप नागर (युवा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर), मनोज गुर्जर (गाजियाबाद जिला अध्यक्ष), विकास बिधूड़ी (प्रदेश सचिव), दीपक बच्चश, सोनू पवार (प्रदेश उपाध्यक्ष), राजवीर प्रधान, चिंकू अधाना (जिला अध्यक्ष), राहुल शर्मा (महानगर अध्यक्ष), सुरेंद्र नगर, किसान नेता पवन चौधरी, दीपू वर्मा सहित सैकड़ों किसानों ने आंदोलन को समर्थन दिया। कुछ किसान फसल कटाई के कारण महापंचायत में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया है कि जैसे ही कटाई पूरी होगी, वे भी आंदोलन में जुड़ेंगे।

## गांव चलो अभियान के तहत मंडल चौरी में लगी चौपाल



**भदोही (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज मंडल चौरी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 439 पर एक चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में और मंडल अध्यक्ष संजय सरोज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक नीहाला सरोज की सक्रिय उपस्थिति रही।

चौपाल के मुख्य अतिथि खादी ग्राम उद्योग आयोग के सदस्य एवं भाजपा जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाया गया है।

श्री रघुवंशी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, पहले की सरकारें केवल कागज़ों पर काम करती थीं, जबकि भाजपा सरकार में धरातल पर विकास दिखता है। लाइट, पानी, खाद जैसी समस्याएं अब बीते दिनों की बात हो गई हैं। उन्होंने कहा कि गुंडे और माफिया अब सलाखों के पीछे हैं, चोरी, दलाली और भ्रष्टाचार पर पूर्ण विराम लग चुका है। प्रदेश में रामराज्य की स्थापना हो चुकी है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा सरकार बनेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को हिंदू राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए विकास कार्यों की पुष्टि की। श्री रघुवंशी ने कहा कि भाजपा का काम सराहनीय है और जनता पार्टी के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में भृगुनाथ सिंह, विजय विश्वकर्मा, पंडित सिंह, विश्व दीपेश दूबे, सौरभ द्विवेदी, तहसीलदार सिंह, आशीष दुबे, पवन दुबे, फूल कुमारी, रंजन, रेखा देवी, आरती, सोना देवी, संगीता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100,
4576372, 2518200
Mo.: 9811735566,
8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# बाराही मेला सूरजपुर : रागनी सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रोता





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर में चल रहे ऐतिहासिक प्राचीनकालीन बाराही मेला.2025, दिन शनिवार तीसरे दिन राधे स्नेह निकेतन पब्लिक स्कूल सूरजपुर के नन्हे मुन्हों ने गीत संगीत और नृत्य की खास प्रस्तुति दी। रात्रिकालीन रगानियों के रंगारंग कार्यक्रम में हरेंद्र नागर एंड पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ कर एक रागनी की प्रस्तुति देते हुए शमा बांध दिया। जब कि लोक कला संस्कृति मंच से राजबाला सपेरा एंड पार्टी राजस्थान के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के साथ खास नृत्य प्रस्तुत किए गए। सिकंदरनाथ बीन तुंबा पार्टी के कलाकारों के द्वारा कई प्रकार के करतब दिखाते हुए विशेष प्रस्तुति खासा आकर्षण का केंद्र रही। चौपाल की विशेष प्रस्तुति में नगाडा पार्टी के कलाकारों के द्वारा संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही कच्ची घोडी और उंट की सवारी भी पूरे मेला प्रांगण में राजस्थानी कला और संस्कृति की झलक दिखालते हुए दिखाई दे रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुल्तानपुर के जिला जज राधेश्याम यादव रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर मेले के तीसरे दिन का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाराही मेला केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि लोक आस्था, संस्कृति और सामाजिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। रागनी जैसी लोक विधाएँ आज भी समाज को आईना दिखाने का कार्य कर रही हैं। न्याय व्यवस्था को जनभावनाओं से जुड़ने का अवसर ऐसे मेलों में मिलता है। यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन है, बल्कि यह समाज को सोचने, समझने और जागने की प्रेरणा देता है। जिला जज श्री यादव ने कलाकारों की प्रस्तुति की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतिभाओं को मंच देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का महत्वपूर्ण कार्य है। ऐतिहासिक प्राचीन बाराही मेला-2025 के तासरे दिन शनिवार को प्रांगण में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। बच्चों के लिए झूले, महिलाओं के लिए जरूरत का सामान और हर आयु वर्ग के लिए पारंपरिक खानपान के स्टॉल मेले में रंग भरते दिखे। ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी क्षेत्रों तक से आए दर्शकों ने देर रात तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

रात्रिकालीन कार्यक्रमों की श्रंखला में हरेंद्र नागर, पिंकी शर्मा, गजेंद्र दौसा कलाकारों ने एक से बढ कर एक रागनियां प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। शगुन चौधरी और कशिश चौधरी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते हुए जमकर धमाल मचाया। पिंकी शर्मा ने मंदिर मिलजा, भगत मिले न, भगवान मिले पैसा से। जीवन मरण मिले न, जीवनदान मिले पैसा से।। उपदेश और देशभक्ति रागनी प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही लूटी। गजेंद्र दौसा और हरेंद्र नागर ने नल दमयंती किस्से और पिंकी शर्मा व गजेंद्र दौसा ने महाभारत के किस्से द्रोपदी चरण का प्रसंग सुनाया। हरेंद्र नागर ने सूरजपुर में बाराही मैया , तेरी होती जय जयकार रही, शीश झुकावे सारी दुनिया, सारे जग में महिमा तेरी, तू सबकी भाग्य विधाता, तेरी जोहड में जो नहाले रोग मुक्त वो होता जाता है। भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरीं।

शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महामंत्री ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा, सरंक्षक सतवीर भाटी, टेकचंद प्रधान,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र ठेकेदार, उपाध्यक्ष जगदीश भाटी एडवोकेट, राजपाल भडाना, महाराज सिंह उर्फ पप्पू, विनोद सिकंद्राबादी, रवि भाटी आदि पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राधे स्नेह निकेतन पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल सोनी और हरेंद्र नागर एंड पार्टी के कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि दीक्षा डिग्री कॉलेज सूरजपुर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जब कि रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में देवेंद्र डॉगी, पूजा राव, मनीषा मरजानी, ब्रहमजीत भडाना और नीलम आदि कलाकारों द्वारा खास प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

इस मौके पर कार्यक्रम में राजवीर शर्मा, भीम खारी, तोलाराम, राकेश बैंसला, अज्जू भाटी, अनिल कपासिया, विनोद पंडित तेल वाले, रूपेश चौधरी और हरि शर्मा आदि शिव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## करोड़ों की सरकारी जमीन पर भू-माफिया ने मारी कुण्डली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी और स्थानीय पुलिस कर्मी भू-माफिया के सामने नतमस्तक होते दिखाई पड़ रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त भू-माफिया ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और ग्राम समाज की करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसकी कई बार शिकायत बड़े अधिकारियों से की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि ग्राम समाज की करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर भी उक्त भू-माफिया ने कब्जा करके उसे कॉलोनी में तब्दील कर दिया है।

कई बार स्थानीय लोगों ने शिकायत की, लेकिन मामला दबा दिया जाता है। कुलेसरा के ग्राम प्रधान मुरली चंदेल ने इस बात की शिकायत जिला अधिकारी से लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है, लेकिन जो कार्रवाई होनी चाहिए, वह नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई तो सारे ग्रामीण मिलकर जिला अधिकारी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यालय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

वहीं, भू-माफिया डीएम त्यागी आज भी ग्राम समाज और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीनों पर कब्जा करके उसे बेचने का काम कर रहा है। देखना यह है कि जिलाधिकारी और माफिया पर कार्रवाई होती है या नहीं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं दादरी नगर पालिका अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी वसील अहमद ने दादरी स्थित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए कार्य को हमको कभी भूल नहीं सकते उन्होंने कहाकि देश का संविधान लिखकर हम सभी लोगों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रस्सत किया था। इस अवसर पर तौफीक मलिक, राजू गौतम, अनील गौतम, नदीम मलिक, आसमोहम्मद इमाम, नेता इमरान सैफी, सोनलाल, सोनी गौतम, अक्षय कोरी आदि संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सेक्टर-26 में शुरू हुई भागवत कथा, कलश यात्रा निकाली



**नोएडा( चेतना मंच )।** सेक्टर-26 स्थित गंगोत्री हाल में कल से 19 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कल कथा प्रारंभ से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन हुआ। भागवत कथा की शुभारंभ के लिए कलश यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिए। कथा व्यास ब्रह्मानन्द सरस्वती महाराज वृन्दावन वाले हर रोज लोगों को भागवत कथा का रसपान करायेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**मुसलमानों पर कांग्रेस...**

इस कानून को ऐसा बना दिया कि बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ऐसी की तैसी कर दी। ये उनका अपमान है।

पीएम मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस को मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस अपना अध्यक्ष किसी मुस्लिम को बनाएं. क्यों नहीं बनाते. टिकट देते हैं तो 50 फीसदी मुसलमानों को दो. जीत कर आएंगे तो अपनी बात बताएंगे। ये नहीं करना है। कांग्रेस को कुछ नहीं देना है, लेकिन देश के नागरिकों के अधिकारों को छीनना है और देना है।

इनकी नीयत किसी का भी भला करने की कभी नहीं रही, मुसलमानों का भला करने की भी नहीं रही. वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है. इस जमीन से गरीब का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था. ईमानदारी से उसका इस्तेमाल होता तो आज मेरे मुसलमान नौजवानों को साइकिल के पंचर बनाकर जीवन नहीं गुजराना पड़ता. पसमांदा मुस्लिम को कोई फायदा नहीं हुआ। भू-माफिया गरीबों की ही जमीन लूट रहे थे।

**बाबा साहब मनुष्य नहीं...**

को जोड़ता है, भारत का संविधान उत्तर से पश्चिम, पूरब से दक्षिण तक जोड़ता है, संविधान का निर्माण कर बाबा साहेब ने वंचितों का जीवन बदला।

बाबा साहेब के संविधान से लोकतंत्र मजबूत, उत्तर प्रदेश की सरकार गरीबों के हित में काम कर रही है।गरीब जहां रहेगा वहीं उसे जमीन का पट्टा देंगे, गरीबों को मुफ्त राशन, घर, इलाज की सुविधा दी जा रही है, हम लगातार गरीबों को योजनाओं से जोड़ रहे हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब को सम्मान दिया है। आज गरीबों को पक्के आवास मिल चुके हैं।

**अंबेडकर जयंती पर...**

यह शोभायात्रा अंबेडकर पार्क सेक्टर-37 से प्रारंभ हुई तथा गोल चक्कर, निठारी मार्ग, पीजीआई हॉस्पिटल, सेक्टर-26, सेक्टर-21, सेक्टर-25, अट्टा पीर, जीआईपी मॉल होते हुए दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर 3 पर समाप्त हुई। इस मौके पर संजय बाली, डिंपल आनन्द, अशोक मिश्रा, ओमवीर अवाना, चमन अवाना, शारदा चर्तुवेदी के आलावा बालक राम प्रधान, प्रीतम सिंह सतपाल जाटव, रोहित चौधरी, अजय गौतम, चंद्रमा प्रधान, संजय गुप्ता, देवराज, जगत सिंह, उदय सिंह, कमल सिंह, गोपाल चौधरी, जय सिंह ठेकेदार, रामपत सिंह, राजेंद्र ठेकेदार, सुरेंद्र पाल, राजकुमार, समेत सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**प्राधिकरण की टीम ...**

नोएडा प्राधिकारण की ओर से उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए चार चौके जड़े। उन्होंने 23 रन बनाए जबकि वर्क सर्किल-2 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक कपिल देव ने एक चौका मारा तथा आउट हो गए। फाइनल मैच 16 अप्रैल को आयोजित होगा ।इस मैच में कुल 8 टीम में खेल रही है।

**भगोड़ा हीरा व्यापारी...**

के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय मुंबई की एक अदालत की ओर से उसके खिलाफ जारी किए गए दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। वारंट 23 मई, 2018 और 15 जून, 2021 की तारीख के थे। हालांकि, मेहुल चोकसी के खराब स्वास्थ्य और अन्य कारणों की वजह से आशंका जताई जा रही है कि पुलिस उसे ज्यादा देर तक जेल में नहीं रख पाएगी और उसे जमानत मिल सकती है।

**सलमान को घर में...**

सलमान खान को घर में घुसकर जान से मारने और उनकी कार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। संदेश भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वर्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। सलमान खान और उनकी फैमिली की तरफ से अभी तक इस धमकी को लेकर कोई रिएक्शन नहीं आया है। इस धमकी को लेकर फिलहाल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले भी सलमान को कई बार धमकी मिल चुकी है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ की तरफ से कई बार एक्टर को धमकाया जा चुका है। लगातार मिल रही इन धमकियों के बावजूद सलमान खान अपने काम को लेकर एक्टिव हैं। उन्होंने अपने काम से समझौता नहीं किया है।

**बाबा साहेब के सपने...**

को प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी सरकार साकार कर रही है। प्रधानमंत्री के विजन को उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार साकार कर रही है। उन्होंने इस मौके पर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती गिरिजा सिंह, राजेन्द्र अवाना, मंडल अध्यक्ष शशिधर उपाध्याय, जिला मंत्री चमन अवाना, बूथ अध्यक्ष अकरम, अनिल, जीतू अवाना, रवि, राजेन्द्र, सोनू आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**अंतरिक्ष बिल्डर व ....**

से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके कपड़े भी फट गए और वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बिल्डर हरेंद्र यादव, किशन यादव, अमित मिश्रा व गोपाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**बदमाशों ने पुलिस ...**

इस दौरान इनका एक साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस टीम ने घायल बदमाशों को दबोच लिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में घायल बदमाशों ने अपने नाम अरमान उर्फ गब्बर पुत्र अयूब निवासी लोहियानगर जनपद मेरठ तथा विशाल पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम रसूलपुर जनपद संभल बताया। आरोपियो ने अपने फरार साथी का नाम विपिन पुत्र विनोद निवासी ग्राम रसूलपुर जनपद बुलंदशहर बताया। दोनों बदमाशों के पास से दो तमंचे, कारतूस तथा चोरी व लूट के छह मोबाइल फोन बरामद हुए। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पकड़े गए दोनों बदमाशों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। दोनों बदमाश थाना सूरजपुर से वांछित चल रहे थे। पकड़े गए दोनों बदमाशों के फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को डीसीपी सेंट्रल ने 20 हजार रुपए का पुरस्कार दिया है।

**उड़ीसा से कैंटर में लाये...**

आते हैं और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बेचते हैं। वह दादरी के रहने वाले सलमान नामक व्यक्ति को गांजे की सप्लाई करने के लिए आए थे। पकड़े गए तीनों आरोपी सलमान के बारे में कोई और जानकारी नहीं दे पाए। डीसीपी ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने कैंटर में गुप्त बॉक्स बनवा रखे थे। इन बॉक्स में छिपाकर ही वह उड़ीसा से गांजा लेकर आते थे। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है।

**युवक व युवती से...**

झपटकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है।

**सड़क दुर्घटना...**

अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने गुलाम रसूल को मृत घोषित कर दिया। चंदा बेगम ने बाइक सवार के खिलाफ लापरवाही से बाइक चलाकर दुर्घटना कर मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए बाइक नंबर के आधार पर आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## बैसाखी पर गुरुद्वारे में भाजपा नेताओं ने की अरदास





**नोएडा ( चेतना मंच )।** बैसाखी पर्व पर सेक्टर 12 स्थित गुरुद्वारे में सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने माथा टेककर अरदास की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, भाजपा नेता नीरज सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, भाजपा की महामंत्री डिंपल आनंद, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित रविकांत मिश्रा, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, नरेंद्र चोपड़ा, वरिष्ठ पत्रकार एस.एस. अवस्थी समेत कई गणमान्य लोग गुरुद्वारे में माथा टेककर अरदास की और सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-1 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी व लूट के मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

थाना फेस 1 पुलिस टीम सेक्टर 15 गंदे नाले के ऊपर बने पुल पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस कर्मियों को सेक्टर 15 ए के पीछे नाले की पटरी पर एक बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर युवक बाइक मोड कर दिल्ली की तरफ भाग निकला। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने बाइक सवार का पीछा किया। तेज गति में बाइक भगा रहे युवक की बाइक फिसल कर सड़क पर गिर गई। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने मौके से तमंचा कारतूस अपने कब्जे में ले लिए। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम राजू निवासी प्रगति विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद बताया। राजू के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए। पूछताछ में राजू ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक भी चोरी की है। उसने यह बाइक नवंबर माह में सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के पास से चोरी की थी। चोरी की बाइक पर सवार होकर वह राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनने की घटनाओं को अंजाम देता है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

## प्रोजेक्ट इंजीनियर पर टोल कर्मियों ने लाठी-डंडों से हमला बोला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** टोल प्लाजा पर ड्यूटी लगाने से गुस्साए कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्लाजा के वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट में वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर घायल हो गए। इस संबंध में तीन लोगों के खिलाफ पीड़ित ने थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है। इमली चौक जेवर में रहने वाले सुनील कुमार गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 अप्रैल को वह अपने घर पर था। शाम के समय टोल प्लाजा जेवर पर काम करने वाला मनोज कुमार अपने दो साथियों के साथ उसके घर आया और ड्यूटी लगाने को लेकर उनसे वाद विवाद शुरू कर दिया। ड्यूटी लगाने से गुस्साए मनोज कुमार ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब गाली देने का विरोध किया तो मनोज व उसके दो साथी जबरन उनके घर में घुस गए और लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोर शराब सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। इसके बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। सुनील कुमार गुप्ता के मुताबिक मारपीट में उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

## चोरी की बाइक व तमंचे के साथ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की बाइक व चाकू बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम रूपवास गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान ग्राम रूपवास की तरफ से बाइक पर आ रहे दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने बाइक सवारों का पीछा किया। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर फसल कर सड़क पर गिर गई। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विशाल पुत्र जोगिंदर व पुनीत पुत्र महेश चंद्र निवासी दौलत राम कॉलोनी कस्बा दादरी बताया। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि उक्त बाइक चोरी की है। दोनों चोरी की बाइक पर सवार होकर आपराधिक वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

## खास खबर

### न्यूयॉर्क में विमान क्रैश,कोई हताहत नहीं

**न्यूयॉर्क।** हडसन के पास कोलंबिया जा रहा विमान मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, विमान दो लोगों को ले जा रहा था। कोलंबिया काउंटी की अधिकारी ने इसे एक घातक दुर्घटना बताया है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस हादसे में किसी की मौत हुई है या नहीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मित्सुबिशी एमयू-2बी विमान हडसन के पास कोलंबिया काउंटी हवाई अड्डे की ओर जा रहा था लेकिन यह हवाई अड्डे से करीब 30 मील दूर कोपेक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनास्थल तक पहुंचना बहुत कठिन था क्योंकि खराब मौसम के कारण वहां कीचड़ है और बर्फ जमी हुई है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने कहा है कि उसने जांच दल भेज दिया है।

### किंग्स जेनरेशन चर्च का पादरी केरल से गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित किंग्स जेनरेशन चर्च के पादरी जॉन जेबराज को केरल के मुन्नार से गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का गंभीर आरोप है। 37 वर्षीय जेबराज सोशल मीडिया पर भी सक्रिय था और उसके लाखों फॉलोवर्स हैं।
पुलिस के अनुसार, करीब 11 महीने पहले कोयंबटूर के जीएन मिल्स इलाके में अपने घर पर आयोजित एक समारोह के दौरान जॉन ने 17 और 14 साल की दो लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न किया था। पीड़िताओं के माता-पिता ने कोयंबटूर सेंट्रल ऑल विमेन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जांच में पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए केरल के मुन्नार क्षेत्र में छिपा हुआ था। एक विशेष पुलिस टीम ने रविवार सुबह उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया और कोयंबटूर लाकर पूछताछ की गई। उसे अदालत में पेश किया गया है।
इस घटना ने स्थानीय स्तर पर आक्रोश पैदा कर दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी जानकारी के लिए पुलिस से संपर्क करें।

### कन्याकुमारी ग्लास ब्रिज 5 दिनों तक रहेगा बंद

**चेन्नई।** कन्याकुमारी का प्रसिद्ध ग्लास ब्रिज आवश्यक रखरखाव कार्य के लिए पांच दिनों के लिए बंद किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान पर्यटक और स्थानीय लोग ग्लास ब्रिज तक नहीं पहुँच पाएंगे। रखरखाव कार्य के बाद दोबारा पुल खुलने पर आगंतुकों के अनुभव और सुरक्षा में वृद्धि होगी। कलेक्टर कन्याकुमारी के आधिकारिक एक्स हैंडल के जरिये बताया गया है कि जिला पुल के निरीक्षण के बाद यह निर्णय लिया कि 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक कन्याकुमारी फाइबरग्लास ब्रिज पर पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। जिला कलेक्टर ने कन्याकुमारी आने वाले पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वे इसे ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं। कन्याकुमारी अय्यन तिरुवल्लुवर प्रतिमा और स्वामी विवेकानंद मेमोरियल रॉक के बीच निर्मित ग्लास फाइबर ब्रिज देखने के लिए देशभर के पर्यटकों में रुचि बढ़ी है।

# पटाखा कारखाना में विस्फोट, 8 की मौत

▸ आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली में हुआ हदसा, छह लोग घायल



एजेंसी
**अनकापल्ली।** जिले में कोटावुराटला मंडल के कैलासपट्टनम में एक पटाखा बनाने वाले कारखाने में रविवार को भीषण विस्फोट के बाद आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घटना पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया है। जिलाधिकारी ने पूरी घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। कोटावुराटला मंडल केंद्र से तीन किमी दूर कैलासपट्टनम में एक पटाखा बनाने वाले कारखाने में दिवाली के लिए पटाखे बनाने
का काम चल रहा था। आज आतिशबाजी बनाते समय अचानक भीषण विस्फोट हो गया और कारखाने की बिल्डिंग का एक हिस्सा ढह गया और आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। जिनकी पहचान निर्मला, रामालक्ष्मी, वेणुबाबु, बाबूराव, मनोहर, टाटाबाबू, पापा और गोविंद के रूप में हुई है। इसके अलावा छह लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। पीड़ित काकीनाडा जिले के सांभर लखोटा मंडल के निवासी बताए जा रहे हैं। इस हादसा पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री नायडू ने कोटावुराटला मंडल में हुई इस दुर्घटना के संबंध में गृहमंत्री अनिता, कलेक्टर और एसपी से फोन पर बात की। उन्होंने पीड़ितों की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछताछ की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को घायलों की स्वास्थ्य के बारे में बताया। मुख्यमंत्री मृतकों के परिजनों के संपर्क में हैं। विधानसभा अध्यक्ष अय्यन्नापात्रुडु ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने घायलों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर बेहतर इलाज के लिए घायलों को विशाखापट्टनम ले जाने का भी आदेश दिया है।एक जानकारी के अनुसार रहा है कि विस्फोट के समय कारखाने में 15 श्रमिक काम कर रहे थे।

## सो रहा था परिवार, घर में लग गई आग, मां समेत दो बच्चों की मौत

एजेंसी
**बस्ती।** हरैया कस्बे अंजहिया में रविवार सुबह 4 बजे एक मकान में अचानक आग लग गई। कमरे में सो रहे दो बच्चों समेत मां की दम घुटने से मृत्यु हो गई। इस घटना में बच्चों के पिता गम्भीर रुप से झुलस गए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सुनील कुमार के मकान के प्रथम तल में बने कमरे में अनाचक आग लग गई, जिससे वहां अफरा तफरी मच गई, लेकिन जब तक लोग कुछ कर पाते कमरे में सो रही पूजा केसरवानी (32), सौरभी (4) और चार माह का मासूम बेटा आग की चपेट में आ गए और धुआं से दम घुटने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुनील केसरवानी बुरी तरह झुलस गए।? सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुनील को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे अयोध्या रेफर कर दिया गया। सुबह छह बजे सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझाई। कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। एसडीएम और सीओ ने घटनास्थल का जायजा लिया। परिजनों से आग लगने के कारणों की जानकारी ली, लेकिन अभी तक सही जानकारी नहीं लग पाई है। इस घटना को लेकर पूरे कस्बे में मातम पसरा है। शुरूआती जांच से पता लगाया जा रहा है आग शार्ट सर्किट से लगी है या लगाई गई। पुलिस इसकी जांच कर रही है। इस घटना को लेकर जिलाधिकारी और एसपी दुख जताया है और कहा कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# नेपाल में राजशाही के लिए फिर हिंसक प्रदर्शन



एजेंसी
**काठमांडू।** नेपाल इन दिनों राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। नेपाल के कुछ हिस्सों में फिर से हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए हैं। ये प्रदर्शन राजशाही को फिर से वापस लाने के लिए किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली अपने रुख पर अड़े हैं और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को गिरफ्तार करने की बात कह रहे हैं। ओली सरकार लगातार कह रही है कि हिंसक विरोध उकसावे वाली घटना है और हिंसा भड़काने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम ओली हाल में ही अपनी कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूएमएल की बैठक में सख्त कदम उठाने की बात कह चुके हैं। बता दें कि प्रदर्शनकारी न सिर्फ राजशाही को वापस लेने की मांग कर रहे हैं, बल्कि नेपाल को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग भी कर रहे हैं। राजशाही के समर्थन में कुछ लोग आंदोलन कर रहे हैं, वहीं एक बड़ा तबका ऐसा भी है, जो सरकार से नाराज तो है लेकिन वह राजशाही की वापसी के पक्ष में नहीं हैं। बता दें 8 अप्रैल 2025 को राजशाही के समर्थन में रैली के लिए राजधानी के बल्खू इलाके में हाथ में नेपाली झंडा और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की तस्वीर लिए लोगों की भीड़ जमा हुई थी। राजशाही खत्म कर साल 2008 में लोकतांत्रिक गणराज्य बने नेपाल को फिर राजशाही की वापसी के लिए आवाजें बुलंद हो रही हैं और हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। नेपाल में ज्यादातर समय राज परिवार का शासन रहा है। साल 1846 से 1951 तक राणा परिवार के प्रधानमंत्रियों की सत्ता रही और शाही परिवार प्रतीकात्मक भूमिका तक सीमित था। देश में लोकतंत्र स्थापित करने की पहली कोशिश 1951 में हुई, जब नेपाली कांग्रेस के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के कारण राजा त्रिभुवन की मदद से राणा परिवार को सत्ता से हटा दिया। इसके बाद साल 1959 में नेपाल में पहले चुनाव हुए और बीपी कोइराला देश के पहले पीएम बने। नेपाल में लोकतंत्र का ये प्रयोग ज्यादा दिन नहीं चला। साल 1960 में त्रिभुवन के बेटे महेंद्र बीर विक्रम शाह देव ने सत्ता पर कब्जा कर सभी लोकतांत्रिक संस्थानों को भंग कर दिया।

### म्यांमार में फिर लगे भूकंप के तेज झटके

**नेपीडॉ।** म्यांमार में रविवार सुबह एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को हिला कर रख दिया। सुबह 7 बजकर 54 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 मापी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। म्यांमार में एक बार फिर आए भूकंप के झटकों के बीच राहत की खबर यह रही कि इस बार किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन अचानक आए झटकों के कारण लोग भयभीत होकर अपने घरों से बाहर निकल आए। इस भूकंप के तीव्र झटके ऐसे समय में महसूस हुए हैं जबकि 28 मार्च को म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप की त्रासदी अभी भी लोगों के जेहन में ताजा है। उस समय 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने मांडला क्षेत्र को बुरी तरह झकझोर दिया था।

## सूडान में हिंसा, 114 से अधिक लोगों की मौत, यूएन की चेतावनी

एजेंसी
**खार्तूम ।** सूडान के पश्चिमी हिस्से में स्थित अल फाशर राजधानी में हुए अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के हमलों में पिछले दो दिनों में 114 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई। ये हमले इस्तेमालकताओं की भयावहता को दिखाते हैं। सूडान के उत्तर दारफुर राज्य के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने बताया कि जमजम शिविर पर हुए हमले में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई, जबकि अबू शौक शिविर पर हुआ दूसरा हमला में 14 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी में कहा गया है कि सूडान में हिंसा और अकाल के चलते मानवीय संकट बढ़ रहा है। दानदाताओं का पीछा हट रहा है और नागरिकों को हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ तक की आपात सहायता के लिए भी सहायकता की मांग है। यह वार्ता सूडान में बढ़ती हिंसा एवं आपातकाल की स्थिति को दशार्ती है और नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षितता के लिए कार्रवाई की जरूरत को दशार्ती है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एजेंसियों ने सूडान में मानवीय संकट के बेहद गंभीर होने को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि देश में अकाल फैल रहा है और हिंसक टकराव जारी है जिसमें सभी आयु वर्ग के नागरिकों को बलात्कार समेत अन्य दुर्व्यवहारो का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दानदाता अब पीछे हट रहे हैं। आपात सहायता मामलों के लिए यूएन कार्यालय के प्रवक्ता येन्स लार्क ने शुक्रवार को बताया कि शान्ति हासिल होती नजर नहीं आ रही है, जबकि सूडानी नागरिक इस विशाल मानवीय संकट में फंसे हुए हैं।

## मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने किया फाल्कन-9 रॉकेट का सफल प्रक्षेपण

एजेंसी
**वाशिंगटन।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने शनिवार रात यानी भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 6:23 बजे फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया। यह लॉन्चिग इसलिए भी खास है क्योंकि यह पूर्णिमा की रात हुआ, जिसने आसमान में एक शानदार नजारा पेश किया। इस मिशन में फाल्कन-9 ने कुल 21 स्टारलिंक सैटेलाइट्स को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया है। इनमें से 13 सैटेलाइट्स डिरेक्ट टू सेल तकनीक से लैस हैं। यह तकनीक बिना टावर के मोबाइल फोन से सीधे सैटेलाइट कनेक्टिविटी संभव बनाएगी, जिससे दूरदराज और नेटवर्क विहीन इलाकों में भी मोबाइल सिग्नल मिल सकेगा।
डिरेक्ट टू सेल सुविधा की शुरूआत अमेरिका में टी-मोबाइल के साथ साझेदारी में की जाएगी। इसका उद्देश्य समुद्र, पहाड़ों और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में भी नेटवर्क पहुंचाना है। यह प्रक्षेपण स्पेसएक्स के लिए ऐतिहासिक रहा क्योंकि यह कंपनी की अब तक की 400वीं उड़ान थी। 2025 में यह 42वीं फाल्कन-9 लॉन्चिंग है, जिनमें से 28 स्टारलिंक मिशनों के लिए की गई है। इस मिशन में इस्तेमाल किया गया बूस्टर पहले भी 9 बार उड़ान भर चुका है।

### भारतीय दवा गोदाम पर रुस ने दागी मिसाइल

**कीव।** भारत में यूक्रेनी दूतावास ने कहा कि रूस ने शनिवार को यूक्रेन में एक भारतीय दवा कंपनी के गोदाम पर मिसाइल दागी। सोशल मीडिया पर पोस्ट में यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि यद्यपि रूस, भारत के साथ दोस्ती का दावा करता है, लेकिन वह जानबूझकर यूक्रेन में भारतीय व्यवसाय को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी दूतावास ने कहा कि आज यूक्रेन में भारतीय दवा कंपनी कुसुम के गोदाम पर रूसी मिसाइल दागी गई। रुस बच्चों और बुजुर्गों के लिए बनी दवाइयों को नष्ट कर रहा है।

# इजराइल ने सेंट्रल गाजा स्थित अस्पताल में किए हवाई हमले

▸ इमरजेंसी वार्ड तबाह, राफा से कटा गाजा का संपर्क



एजेंसी
**गाजा पट्टी।** इजराइल ने गाजा पर हमले और तेज कर दिए हैं, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई है। शनिवार देर रात इजराइली सेना ने सेंट्रल गाजा स्थित अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल को निशाने पर लेते हुए हमले किए हैं। अस्पताल स्टाफ के अनुसार, परिसर की एक बिल्डिंग पर दो मिसाइलें दागी गईं, जिससे इमरजेंसी और रिसेप्शन विभाग पूरी तरह नष्ट हो गया। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि हमले से ठीक पहले अस्पताल प्रशासन को एक फोन कॉल आया, जिसमें इमारत खाली करने को कहा गया। कॉल के कुछ ही मिनट बाद विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इजराइली सेना की ओर से अभी तक इस हमले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। हालांकि पहले इजराइल की ओर से दावा किया गया था कि उसी इलाके से उस पर रॉकेट दागे गए थे। इस बीच इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने पुष्टि की है कि इजराइली डिफेंस फोर्स ने मोराग कॉरिडोर पर कब्जा कर लिया है। यह कॉरिडोर गाजा के दक्षिण में स्थित एक रणनीतिक रास्ता है जो राफा को गाजा पट्टी के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इससे अब राफा पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। इसके साथ ही काट्ज ने गाजा के निवासियों को चेतावनी देते हुए कहा है, कि यह हमास को खत्म करने और बंधकों की रिहाई के लिए अंतिम मौका है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो यही हाल गाजा के अन्य हिस्सों का भी होगा। इस प्रकार से इलराइल द्वारा लगातार हो रहे हमलों से गाजा में मानवीय संकट गहरा गया है। अस्पतालों पर हमले और नागरिक इलाकों में हो रही तबाही ने राहत और बचाव कार्यों को और मुश्किल बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें अब इस भयावह युद्ध के रुकने पर टिकी हुई हैं।

# शख्स ने किया तीन बार मरकर लौटने का दावा



एजेंसी
**लंदन ।** सदियों से इंसान यह जानने की कोशिश कर रहा है कि मृत्यु के बाद क्या होता है, लेकिन अब तक इस सवाल का कोई ठोस और सार्वभौमिक जवाब नहीं मिला है। आमतौर पर वही कहानियां सामने आती हैं जो उन लोगों ने बताई हैं जो कुछ पल के लिए मौत के करीब जाकर लौट आए हैं। इन्हीं अनुभवों को आधार बनाकर लोग जीवन के उस रहस्य को समझने की कोशिश करते हैं जो मौत के बाद शुरू होता है। कुछ लोगों को यह अनुभव सुखद लगता है, तो कुछ ने डरावनी कहानियां भी सुनाई हैं। ऐसे ही एक शख्स हैं डैनियन ब्रिंक्ले, जिन्होंने दावा किया है कि वे तीन बार मरकर फिर ज़िंदा हुए हैं। 74 वर्षीय डैनियन ने अपनी जिंदगी और मृत्यु के अनुभवों को किताब के रूप में दुनिया के सामने रखा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहली बार 1975 में उन पर टेलीफोन का खंभा गिर गया था, जिसके चलते वे 28 मिनट तक मृत रहे और फिर लौट आए। दूसरी बार 1989 में उनकी ओपन हार्ट सर्जरी के दौरान मौत हुई, लेकिन वे फिर जीवित हो गए। तीसरी बार ब्रेन सर्जरी के वक्त उनकी मृत्यु हुई, परंतु फिर से उन्हें जीवन मिल गया। अपने पहले अनुभव के बारे में डैनियन ने बताया कि उन्हें एक अंधेरी सुरंग से होकर गुजरना पड़ा, जिसके बाद वे एक चमकदार जगह पर पहुंचे। वहां उन्हें अपने पूरे जीवन की घटनाएं एक-एक कर फ्लैशबैक में दिखाई दीं। इसके बाद एक चमकदार रौशनी के साथ वे वापस लौट आए। दूसरी बार की मौत के बाद वे एक कांच जैसे शहर पहुंचे, जिसे उन्होंने स्वर्ग बताया। वहां फरिश्तों ने उन्हें अध्यात्मिक और मानसिक शक्ति के उपयोग के तरीके सिखाए। इन अनुभवों के बाद डैनियन अब लोगों को सलाह देते हैं कि मौत उतनी डरावनी नहीं है जितना हम उसे समझते हैं।

### मंगलुरु को मिलेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**मंगलुरु।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने घोषणा की है कि मंगलुरु को जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने मंगलुरु सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की जिसमें उन्होंने मंगलुरु सेंट्रल-कबक पुत्तूर रेल सेवाओं के सुब्रह्मण्य रोड तक विस्तार को हरी झंडी दिखाई। मंगलुरु सेंट्रल-कबक पुत्तूर तक चलने वाली चार यात्री रेल सेवाओं का सुब्रह्मण्य रोड तक विस्तार किया गया है जिससे क्षेत्र के रेल यात्रियों, विशेषकर सुब्रह्मण्य जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मंगलुरु को जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मिल जाएगी जिससे लंबी दूरी के यात्री और ज्यादा आरामदायक यात्रा का अनुभव ले सकेंगे।

# 100 से ज्यादा पुलिसवाले ठगी के शिकार

एजेंसी
**जयपुर ।** राजस्थान में 100 से ज्यादा पुलिस कर्मी ठगी का शिकार हो गए हैं। इस ठगी का मास्टरमाइंड और कोई नहीं उन्हीं का साथी पुलिस वाला है। उसने एक कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर चार गुना मुनाफे का लालच दिया। दावे करता था कि कुछ ही महीने में सभी पुलिसकर्मियों को करोड़पति बना देगा। झांसे में आए किसी पीड़ित ने घर-जमीन बेचकर पैसा लगाया। किसी ने पत्नी के गहनों पर लोन उठाकर इन्वेस्ट किया था। एक पुलिसकर्मी ने तो 1 करोड़ रुपए ठग को इन्वेस्ट के लिए दिए थे। ठगी को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड फरार है। 8-10 लोगों से एक ही थाने में ठगी हुई है। कॉन्स्टेबल दीपक वैष्णव ने 9 अप्रैल को क्लॉक टावर थाने में 1 करोड़ की ठगी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। दीपक ने बताया कि ठगी का मास्टरमाइंड पुलिस लाइन में पोस्टेड कॉन्स्टेबल पवन मीणा है। करौली का रहने वाला पवन मेरा बैचमेट है, इसलिए पहले से जान-पहचान थी। अक्सर मुझसे मिलने थाने आता था। पवन जब भी आता नेशनल हाईवे पर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट और उसमें करोड़ों रुपए इन्वेस्टमेंट से चौगुनी कमाई की बातें करता था। एक बार अगस्त-2023 में पवन थाने आया। इस दौरान उसने कहा- भाई देखो नौकरी की तनख्वाह से घर का गुजारा भी नहीं चला सकते। जीवन में कुछ बड़ा सोचो। पवन मीणा ने बताया कि करौली में अभी हाईवे के कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट आ रहे हैं। एक हाईवे के मास्टर प्लान में जहां से बाईपास निकलेगा, अगर अभी मेरे कहने से मास्टर प्लान में हाईवे पर आ रही जमीनों में इन्वेस्टमेंट करोगे तो कुछ ही महीनों में करोड़पति बन जाओगे।

# रक्षा राज्य मंत्री ने रक्षा प्रदर्शनी के तीसरे संस्करण का किया उद्घाटन



एजेंसी
**नई दिल्ली ।** राज्य मंत्री का स्वागत तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त महामहिम बिश्वदीप डे ने तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स (टीपीडीएफ) के अधिकारियों के साथ किया। माननीय राज्य रक्षा मंत्री ने चामा चा मापिन्दुजी के महासचिव और इस वर्ष के चुनावों के लिए तंजानिया के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महामहिम डॉ. इमैनुएल नचिंबी से भी मुलाकात की। मंत्री का दार-एस-सलाम के जूलियस न्येरेरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर एडमिरल डी के त्रिपाठी सीएनएस और तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंत्री भारत-तंजानिया संयुक्त सैन्य अभ्यास एक्स-एकेवाईएमई के हार्बर चरण का उद्घाटन करने के लिए 13-14 अप्रैल 2025 तक तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं । तंजानिया की माननीय रक्षा मंत्री महामहिम स्टगोमेंना लॉरेंस टैक्स ने भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ 13 अप्रैल 2025 को होटल किलिमंजारो हयात में रक्षा प्रदर्शनी के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने रक्षा प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टालों का दौरा किया, जो रक्षा उत्पादन, उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षमता में भारत की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित कर रहे थे। भारतीय नौसेना के प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। तंजानिया में अपने रक्षा क्षेत्र की उपस्थिति का विस्तार करने के लिए भारत द्वारा तंजानिया में आयोजित यह तीसरी ऐसी प्रदर्शनी है। माननीय राज्य मंत्री पहले बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम एंगेजमेंट 2025 और तीसरे डिफेंस एक्सपो के उद्घाटन के लिए तंजानिया की यात्रा पर हैं। यह यात्रा अफ्रीकी देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह अभ्यास 6 दिनों का होगा, जिसमें 3 दिन बंदरगाह चरण और 3 दिन समुद्र में होंगे। प्रतिभागी व्यापक फलदायी चर्चा और समुद्र में जटिल अभ्यास में शामिल होंगे। आज माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने तंजानिया के दार एस सलाम में अफ्रीका इंडिया मैरीटाइम एंगेजमेंट के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह कार्यक्रम तंजानिया द्वारा सह-मेजबानी किया गया है। अफ्रीका इंडिया मैरीटाइम एंगेजमेंट10 समान विचारधारा वाले राष्ट्रों का समुद्री प्रगति और सुरक्षा के निर्धारित मार्ग पर एकत्रीकरण है। भारत के अलावा, कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका भी इस संयुक्त अभ्यास में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास सहयोग, विश्वास और समुद्र के प्रति साझा जिम्मेदारियों की भावना का प्रमाण है जो इन 10 राष्ट्रों को एक परिवार के रूप में जोड़ता है। AIKEYME अर्थात ऐक्यम, जिसका संस्कृत भाषा में अर्थ एकता है। यह माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का सागर (सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का दृष्टिकोण है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के मार्गदर्शन में, इस पहल की अवधारणा बनाई गई और इसे वास्तविकता में लाया गया।

## ढाका से उठी गाजा की पुकार, सड़कों पर गूंजे फ्री फिलिस्तीन के नारे



एजेंसी
**ढाका ।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हजारों लोगों ने गाजा के लिए मार्च नामक बड़े प्रदर्शन में शामिल होकर फिलिस्तीन के समर्थन में नारों से शहर को गूंजा दिया। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल की निंदा की और अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ भी आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों को पीटा और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने भी इस प्रदर्शन का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुस्लिम देशों के नेताओं से अपील की कि इजरायल के साथ सभी समझौते और राजनयिक संबंध तुरंत खत्म करें। उन्होंने बांग्लादेशी पासपोर्ट में इजरायल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य नियम फिर से लागू करने की मांग की। पिछले हफ्ते भी ढाका में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों के दौरान कुछ जगहों पर हिंसा भड़क गई थी। इसे देखते हुए सुरक्षा कड़ी कर दी गई और स्थानीय इलाकों के अन्य दूतावासों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

खास खबर

## धवन के घर पहुंची सोफी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन पिछले कुछ समय से एक विदेशी युवती के साथ नजर आते रहे हैं जिससे उनके अफेयर की चचाओं को भी बल मिला है। इसके बाद सामने आया कि ये युवती आयरलैंड की सोफी शाइन है। अब धवन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें सोफी उनसे कह रही है कि मुझे आपके पास रहना है। धवन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और आमतौर पर अपने वीडियो साझा करते है। अब उन्होंने सोफी के साथ एक रील साझा की है। इस दौरान सोफी वीडियो बनाती दिखी। इस दौरान वह धवन से कहा रही हैं, मेरा यहां से जाने की मन नहीं, मुझे आपके पास रहना है। धवन ने कुछ दिन पहले ही बताया था, ह्नहाँ, मैंने आगे बढ़ने का फैसला कर लिया है। मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं प्यार में बदकिस्मत था बल्कि, मेरे चुनाव अनुभवहीनता से आए थे पर अब मेरे पास अनुभव है और यह काम आएगा।

## काव्या ने अभिषेक की मां को गले लगाया

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पंजाब किंग्स के खिलाफ खेली पारी से बेहद उत्साहित हैं। अभिषेक ने 141 रनों की आक्रामक पारी खेलकर सनराइजर्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी जीत दिलायी है। इस मैच में सनराइजर्स को जीत के लिए 246 रनों का बड़ लक्ष्य मिला था जो उसने आसानी से हासिल कर लिया। इसी को देखकर काव्या अपनी भावनाओं पर काबू नहीं कर पायीं और उन्होंने अभिषेक की मां को गले से लगा लिया। इसपर उन्होंने भी काव्या को खुशी में हाथ चूम कर बधाई दी। अभिषेक ने इस मैच में 55 गेंदों पर ही 141 रन बना दिये थे। इस प्रकार 245 रन बनाने के बाद भी पंजाब की टीम ये मैच हार गयी। वहीं 4 लगातार हार के बाद हैदराबाद को पहली जीत मिली। काव्या ने अभिषेक के माता-पिता मंजू शर्मा और राज कुमार शर्मा को जाकर गले से लगा लिया। जब काव्या ने अभिषेक की मां को गले से लगाया तो उन्होंने भी प्यार से उनके हाथ को चूमा। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है।

## सनराइजर्स अंक तालिका में आठवें स्थान पर

**मुम्बई।** आईपीएल चैम्पियंस ट्रॉफी में सनराइजर्स हैदराबाद की पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबलले में जीत के बाद अंकतालिका में भी बदलाव आया है। इस मैच में जीत से सनराइजर्स की टीम अंकतालिका में 10वें से 8वें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स अंतिम पायदानों पर हैं। वहीं पंजाब किंग्स 6ठे स्थान पर है। सनराइजर्स ने इस सीजन में अब तक 6 मैच खेले हैं। इसमें से उसे पहले मैच में उन्हें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार जीत मिली थी, मगर इसके बाद टीम को लगातार चार मैच हारने से नुकसान हुआ है। आईपीएल 2025 अंक तालिका में शीर्ष चार टीमों में दिल्ली कैपिटल्स नंबर एक पर है। उसे सभी चार मैचों में जीत मिली है। वहीं दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस है। इसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स और गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है।

## डेरेन गंगा की पत्नी का बनारस से है गहरा नाता

**नई दिल्ली ।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर डेरेन गंगा भारतीय मूल से ताल्लुक रखते हैं। उनके पूर्वज वर्षों पहले भारत से त्रिनिडाड एंड टोबैगो जाकर बस गए थे। गंगा का जन्म त्रिनिडाड में हुआ और उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 48 टेस्ट और 35 वनडे मैच खेले। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह कमेंट्री से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में आईपीएल के वर्ल्ड फीड अंग्रेजी पैनल का हिस्सा हैं। डेरेन की पत्नी प्रणीता तिवारी भी भारत से जुड़ी हुई हैं। उनका पारिवारिक घर बनारस के अस्सी घाट पर है। प्रणीता का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था और वह अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया में एड व सेल्स फर्म में काम कर चुकी हैं। उन्होंने लगभग पांच साल न्यूयॉर्क में बिताए।

# लखनऊ सुपरजायंट्स और सीएसके में मुकाबला आज

एजेंसी

**लखनऊ।** आईपीएल में सोमवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से मुकाबला करेगी। इस मैच में सुपरजायंट्स का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान में जीत हासिल कर अंक तालिका में ऊपर आने के साथ ही जीत की लय बनाये रखना रहेगा। वहीं दूसरी ओर इस सत्र में लगातार खराब प्रदर्शन के कारण अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही सीएसके की टीम को कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी जीत दिला पाते हैं या नहीं ये देखना होगा। सीएसके की टीम



पिछले पांच मैच लगातार हारी है। यहां तक कि अपने घरेलू मैदान में भी उसे तीन मैच में हार मिली है। टीम के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट से ही बाहर हो गये हैं। ऐसे में धोनी को एक बार फिर कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। कप्तान के तौर पर धोनी की राह आसान नहीं है। टीम के अधिकतर खिलाड़ी फार्म में नहीं हैं और उनका मनोबल भी गिर है। वहीं मेजबान टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत का प्रयास करेगी। उसने पिछले मैच में अच्छी जीत दर्ज की थी जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उसके गेंदबाज आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर ने अच्छी गेंदबाजी की है। पिछले मैच में मिचेल मार्श के नहीं होने पर कप्तान ऋषभ पंत एडेन मारक्रम के साथ पारी की शुरूआत के लिए उतरे थे। अब देखना होगा कि वह इस मैच में भी मार्श की वापसी के बाद शीर्ष क्रम में ही उतरते हैं या अपने तय नंबर पर उतरेंगे। पिच की बात करें तो यहां के स्टेडियम की पिच धीमी होने के कारण बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है। ऐसे में निकोलस पूरन जैसे आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुख लगाना सीएसके के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। यहां की पिच बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए ही अच्छी मानी जाती है। दूसरी ओर सीएसके की बल्लेबाजी रचिन रविंद्र, शिवम दुबे , डेवोन कॉनवे जैसे खिलाड़ियों पर अधारित रहेगी। धोनी अभी तक निचले क्रम पर ही उतरे है और आगे भी उनके इसी प्रकार उतरने की संभावना है।

## शमी आईपीएल में सबसे अधिक रन देने वाले दूसरे गेंदबाज बने

एजेंसी

**हैदराबाद ।** अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी के नाम आईपीएल में एक ऐसा रिकार्ड बना है जिससे वह भूलना चाहेंगे। पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए शमी आईपीएल में सबसे अधिक रन देने वाले दूसरे तेज गेंदबाज बने हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में शमी की गेंदों की जमकर पिटाई हुई और 4 ओवर में ही 75 रन निकल गये जबकि उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। मार्कस स्टॉयनिस ने उनके अंतिम ओवर में लगातार 4 छक्के लगाए। शमी ने अपने अंतिम ओवर में 27 रन दिये।

यह आईपीएल के अब तक के इतिहास में दूसरी सबसे महंगी गेंदबाजी है। अब तक आईपीएल में 4 ओवर के स्पेल में सबसे अधिक रन देने के मामले में जोफ्रा आर्चर पहले नंबर पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने



वाले आर्चर ने इसी साल हैदराबाद के खिलाफ 76 रन दिये थे।

शमी से पहले आईपीएल में सबसे अधिक रन लुटाने वाले भारतीय गेंदबाज मोहित शर्मा थे। मोहित ने पिछले साल गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए 4 ओवर में ही 70 रन दे दिये थे। तब शमी उनकी ही टीम में शामिल थे। वहीं इस बार शमी शमी गुजरात टाइटंस की जगह पर सनराइजर्स हैदराबाद से खेल रहे हैं।

## चेन्नई सुपर किंग्स के पास अभी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2025 का अब तक का सीजन बेहद खराब साबित हो रहा है। 5 बार की चैंपियन टीम ने अभी तक 6 मैच में से 5 में हार का सामना करना पड़ा है। चेन्नई सुपर किंग्स के क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब टीम लगातार मैच हारी है। ऐसा पहली बार हुआ हैं कि एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके ने हार की हैट्रिक लगाई हो। ऋतुराज गायकवाड़ के टूनार्मेंट से बाहर होने के बाद लगा था कि नए कप्तान एमएस धोनी के साथ सीएसके की किस्मत



पलटेगी, मगर ऐसा नहीं हुआ। शुक्रवार को केकेआर के खिलाफ उन्हें 8 विकेट से शर्मनाक हार मिली। हालांकि हार के बावजूद उनके पास प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। सीएसके का प्लेऑफ समीकरण कुछ इसपर हैं, सीएसके ने आईपीएल 2025 में अभी तक 6 मैच खेले हैं जिसमें उन्हें 1 में जीत मिली है। टीम को अभी इस सीजन में 8 और मैच खेलने हैं। अगर सीएसके इन 8 में से 7 मुकाबले जीत जाती हैं, तब उनके खाते में 16 अंक आएंगे और आईपीएल के इतिहास में देखा गया है कि 16 अंक के साथ अक्सर टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाती है। वहीं अगर चेन्नई 8 के 8 मैच जीतने में कामयाब रहती है, तब उनके खाते में 18 पॉइंट्स हो जाएंगे, फिर निश्चित उन्हें नॉकआउट राउंड में जगह मिल जाएगी। इसके पहले टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी सीएसके निर्धारित 20 ओवर में 103 रन ही बोर्ड पर लगा सकी।

## अभिषेक की पारी देखकर हैरान हुए युवराज

एजेंसी

**हैदराबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आतिशी पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। अभिषेष ने इस सत्र में शुरूआती मैच में असफल होने के बाद 141 रनों की शतकीय पारी के साथ जबरदस्त वापसी कर अपनी टीम को जीत दिलाया है। युवराज अभिषेक के मेंटोर रहे हैं, ऐसे में अपने शिष्य की इस पारी को देखकर वह खुश होने के साथ ही हैरान भी हैं।



अभिषेक ने अपनी इस पारी में केवल 55 गेंदों पर ही 141 रन बना दिये थे। युवराज ने अभिषेक की पारी के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, वाह शर्मा जी के बेटे। 98 पर सिंगल फिर 99 पर सिंगल। इतनी परिपक्वता हजम नहीं हो रही । शानदार पारी खेली, देखने में आनंद आया। इस मैच में अभिषेक लकी रहे थे क्योंकि उन्हें पारी के चौथे ओवर में ही यश ठाकुर की चौथी गेंद पर ही शशांक ने कैच किया था पर यह गेंद नो बाल हो गई थी। तब इस बल्लेबाज ने पचास रन भी नहीं बनाये थे। इस मौके का अभिषेक ने पूरा लाभ अठाया और एक नया रिकार्ड बना दिया।

## झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सम्पन्न

**आरके आनंद -अध्यक्ष, डॉक्टर मधुकांत पाठक-महासचिव एवं शिवेंद्र नाथ दुबे कोषाध्यक्ष चुने गए**

एजेंसी

**रांची।** रांची के आर के आनंद लॉन बॉलस स्टेडियम आज झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सम्पन्न हो गयी। इस बैठक में ओलम्पिक एसोसिएशन का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया और भविष्य के कार्यक्रमों की रूप रेखा पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन के ऑब्जर्वर कुलदीप वत्स और रिटर्निंग ऑफिसर सेवा निवृत जज एस के झा और असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट तेज नारायण दुबे के देख-रेख में झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के सत्र 2025 - 2029 के लिए नई कार्यकारिणी समिति का चयन किया गया। मीटिंग की अध्यछता आर के आनद ने किया जबकि संचालन डॉ मधुकांत पाठक ने किया, धन्यवाद ज्ञापन गुलाम रब्बानी ने किया। आज की इस बैठक में 35 एफिलिएटड राज्य खेल संघ, 24 जिला ओलम्पिक संघ और 14 रिकॉगनाइज खेल संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ऐसे मैच को भूल जाना ही बेहतर : प्रीति जिंटा

**हैदराबाद ।** पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि इस प्रकार के मुकाबलों को भूल जाना ही ठीक है। इस मैच में हैरानी की बात ये है कि पंजाब की टीम 245 रनों का भी बचाव नहीं कर पायी। प्रीति ने टीम की हार के बाद सोशल मीडिया में कहा है कि हमें इससे आगे बढ़ने की जरुरत है। इसके अलावा उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उसकी इस पारी का जवाब नहीं था। प्रीति ने लिखा, ह्यआज की रात अभिषेक के नाम रही है। क्या प्रतिभा और क्या अविश्वसनीय पारी खेली।बधाई सनराइजर्स , हमारे लिए, आज की रात को भूलकर आगे बढ़ जाना ही बेहतर है क्योंकि यह टूनार्मेंट के शुरूआती दिन हैं और ऐसे मैचों को भूल जाना ही बेहतर होता है।

## आईपीएल में गेंदबाजों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 के सीजन में गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, खासकर मेडन ओवर्स के मामले में। अब तक खेले गए मैचों में कुल चार मेडन ओवर्स देखने को मिले हैं और यह दिलचस्प है कि इन सभी ओवर्स में गेंदबाजों ने विकेट भी चटकाए हैं। जोफ्रा आर्चर, वैभव अरोड़ा, मुकेश कुमार और मोईन अली जैसे गेंदबाजों ने यह कमाल किया और उनकी टीमों ने इन मैचों को जीत भी हासिल की।

सीजन 2025 का पहला मेडन ओवर जोफ्रा आर्चर ने फेंका था, जब राजस्थान रॉयल्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से हुआ। इस मैच में आर्चर ने न केवल एक मेडन ओवर फेंका, बल्कि रचिन रवींद्र को आउट कर टीम को जीत



दिलाई। राजस्थान रॉयल्स ने इस मैच में चेन्नई को छह रन से हराया। इसके बाद, वैभव अरोड़ा ने भी आईपीएल 2025 का दूसरा मेडन ओवर फेंका, जब कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से था। अरोड़ा ने इस ओवर में एक महत्वपूर्ण विकेट लिया और कोलकाता ने हैदराबाद को 80 रन से हराया। मुकेश कुमार ने 10 अप्रैल को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ तीसरा मेडन ओवर फेंका। इस ओवर के दौरान मुकेश ने एक विकेट लिया और दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में आरसीबी को छह विकेट से मात दी। अंत में, मोईन अली ने 11 अप्रैल को चेन्नई में खेले गए मैच में चौथा मेडन ओवर फेंका। इस ओवर के दौरान उन्होंने एक विकेट लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स को मजबूत स्थिति में रखा और उनकी टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया।इन चारों मेडन ओवर्स ने यह साबित कर दिया कि जब गेंदबाज कड़ी मेहनत और सटीकता के साथ खेलते हैं, तो टीम को जीत दिलाना संभव हो जाता है। इन गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी ने मैच के दौरान दबाव बनाने के साथ-साथ विपक्षी टीमों को मुश्किल में डाल दिया, जिससे उनके साथी खिलाड़ियों को जीत की दिशा में मदद मिली। आईपीएल 2025 के इस सीजन में मेडन ओवर्स के जरिए गेंदबाजों ने अपनी क्षमता को साबित किया और टीमों के लिए महत्वपूर्ण जीत दिलवाने में अहम भूमिका निभाई।

## स्टोइनिस और मैक्सवेल से विवाद नहीं मामूली हंसी मजाक हुआ : हेड

एजेंसी

**हैदराबाद ।** पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हुए मुकाबले में तीन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ट्रेविस हैड, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल के बीच बहस हुई थी। इसी को हेड ने अब सामान्य बात बताया है। इस मैच में अभिषेक शर्मा की 141 रनों की आक्रामक पारी से सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स पर जीत हासिल की। मैच में हेड की मैक्सवेल और स्टोइनिस के साथ नौवें ओवर में



बहस पर हो गयी थी। इस पारी के नौवें ओवर के दौरान मैक्सवेल को गेंदबाजी कर रहे थे। ऐसे में ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर ही हेड ने मैक्सवेल पर लगातार जो छक्के लगा दिये। इससे मैक्सवेल परेशान हो गये। इसके बाद मैक्सवेल ने हेड को कुछ कह दिया। ओवर पूरा होने के बाद हेड ने इसपर नाराजगी जतायी। इसे बाद हेड और मैक्सवेल में बहस होने लगी। जब ये बढ़ती गयी तो अंपायर ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। इसके बाद स्टोइनिस भी बीच में आ गये जिससे एक बार फिर बहस होने लगी। वहीं मुकाबले के बाद हेड ने बहस को सामान्य बताने का प्रयास किया। इस सलामी बल्लेबाजी ने कहा , ह्यजब आप किसी को अच्छी तरह से जानते हैं तो आप एक-दूसरे की सबसे अच्छी और सबसे कठोर बातें कह देते हैं।

## श्रेयस ने हार का कारण कमजोर गेंदबाजी को बताया

एजेंसी

**हैदराबाद।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम की गेंदबाजी उम्मीद के अनुरुप नहीं रही। ऐसे में उन्हें इस क्षेत्र में काम करना पड़ेगा। इस मैच में पंजाब ने श्रेयस के 82 रनों की सहायता से 245 रनों का शानदार स्कोरी बनाया था पर इसके बाद भी उसे हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास में पांचवीं बार 230 से ज्यादा का स्कोर बनाया था पर ये पहली बार हुआ है जब वह हार गई। इससे पहले पंजाब की टीम जब भी 230 रनों तक पहुंची है जीती है। मैच हारने के बाद पंजाब किंग्स



के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह एक शानदार स्कोर था। इसके बाद भी मैच इसलिए हमारे हाथ से निकल गया क्योंकि कुछ कैच हमारे हाथ से फिसल गये हालांकि अभिषेक भाग्यशाली रहे। उनकी बल्लेबाजी असाधारण थी। वहीं ये भी सही है कि हम अपनी उम्मीदों के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर पाये। श्रेयस ने कहा कि विरोधी बल्लेबाजों ने हमें कोई अवसर नहीं दिय। हम अपनी ओर से गेंदबाजी में अधिक बदलाव नहीं कर पाये। फर्ग्यूसन की चोट से भी हमें नुकसान हुआ। मैंने और नेहल वढेरा ने सोचा था कि 230 रन अच्छा स्कोर होगा पर मुझे लगता है कि ओस के कारण हमारे लिए दूसरी पारी के दौरान हालात कठिन हो गये। साथ ही कहा कि अभिषेक की पारी उन सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी जो मैंने देखी हैं।

**हैदराबाद से हार पर पंजाब किंग्स के बॉलिंग कोच सुनील बोले-**

# हमें डॉट बॉल प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के स्पिन-गेंदबाज कोच सुनील जोशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार पर कहा है कि हमारे बल्लेबाज अच्छी फार्म हैं, लेकिन गेंदबाजी में थोड़ी सुधार के साथ डॉट-बॉल प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम आधे मौकों का फायदा नहीं उठा सके। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शनिवार को पंजाब किंग्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (23 गेंदों पर 42 रन), प्रियांश आर्य (13 गेंदों पर 36 रन),



कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंदों पर 82 रन) और मार्कस स्टोइनिस (11 गेंदों पर नाबाद 34 रन) की धमाकेदार पारियों की बदौलत 6 विकेट पर 245 बनाए थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसके जवाब में अभिषेक शर्मा (55 गेंदों पर 141 रन) ट्रैविड हेड (37 गेंदों पर 66 रन) की बदौलत जीत सुनिश्चित की। सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.3 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स 5 मैचों में तीन जीत और दो हार के बाद प्वाइंट टेबल में छठे नंबर पर आ गई है। मैच पर विचार रखते हुए पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच सुनील जोशी ने कहा कि मुझे लगता है कि इस मैच से सकारात्मक बात यह रही कि हमारे बल्लेबाज निश्चित रूप से शानदार फॉर्म में हैं। हालांकि, गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है और हमें अपना डॉट-बॉल प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है। आज इस विकेट पर गेंदबाजी करते समय हम यही चूक गए। अच्छे विकेट पर, बीच के ओवरों में डॉट-बॉल प्रतिशत ही एकमात्र अंतर हो सकता है। इसलिए यही महत्वपूर्ण है और हम आधे मौकों का फायदा नहीं उठा सके।

उन्होंने आगे कहा, ₹मुझे लगता है कि गेंदबाजों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, मेरा मतलब है कि यह एक अच्छा विकेट है। यह हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करने का एक मौका था, लेकिन सच तो यह है कि हमने अपने मौके गंवा दिए।

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर का भी मानना ??है कि गेंदबाजी इकाई उस रात बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी, लेकिन उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि टीम अपनी रणनीतियों में सुधार करने के बाद मजबूत वापसी करेगी। मैच के बाद कप्तान ने कहा कि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक गेंदबाजी नहीं की, हमें सुधार करना होगा।



जापान में बिली जीन किंग कप क्वालीफायर में खेलती हुई जापान की मोयूका।

खास खबर

### रिजर्व बैंक खरीदेगा 40,000 करोड़ के सरकारी बॉन्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि वह 17 अप्रैल को 40,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) के जरिए खरीदेगा। इसका मुख्य उद्देश्य है वित्तीय अर्थव्यवस्था में बढ़ती हुई लिक्विडिटी को संभालना। रिजर्व बैंक द्वारा खरीदे जाने वाले बॉन्ड मल्टीपुल विपरीतों के बीच से 2028 और 2039 में मैच्योर किए गए हैं। यह कदम आरबीआई के सिस्टम में शामिल होने वाले हाल ही के कदमों का एक और उदाहरण है जो लिक्विडिटी को बढ़ाने के लिए उठाए गए हैं। इसके अलावा, 3 अप्रैल को आयोजित ओएमओ नीलामी में वित्तीय संस्थानों से 2029 और 2039 के बीच मैच्योर किए गए बॉन्ड पर 80,820 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। इसके अतिरिक्त, 8 अप्रैल की नीलामी में 2032 और 2039 के बीच मैच्योर होने वाले बॉन्ड पर 70,144 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। आगामी 3, 8, 22 और 29 अप्रैल को भी 20,000 करोड़ रुपए की चार बराबर किस्तों में आयोजित की जाएगी।

### अमेरिका ने स्मार्टफोन और लैपटॉप पर टैरिफ हटाया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्मार्टफोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को हटा दिया है, जिससे वैश्विक टेक जगत में एक उत्साहपूर्ण तेजी की लहर दौड़ गई है। यह नया फैसला 5 अप्रैल से लागू हो गया है और एप्पल, सैमसंग, जैसे बड़ी कंपनियों के लिए एक प्रकार से राहत की किरण बन सकता है। इस निर्णय से कुछ देश अवसरों से भरपूर महसूस कर रहे हैं, हालांकि चीन को तुरंत लाभ मिलेगा। चीन ने अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने का जवाब देकर अपने द्वारा भी ऐसे उत्पादों पर कर बढ़ा दिया है जिससे अमेरिका को चीनी उत्पादों में सस्ताई की संभावना है। भारत के लिए भी इस निर्णय से अवसर है, लेकिन भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह इस अवसर का सही तरीके से फायदा उठा सके और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में अपनी पकड़ मजबूत कर सके। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस निर्णय से भारत को नया धारा मिल सकता है और वह इसे अच्छे से उपयोग कर सकता है।

### टाटा कर्व और कर्व-ईवी के डार्क एडिशन लॉन्च

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने भारतीय बाजार में अपनी लोकप्रिय कूपे एसयूवी टाटा कर्व और कर्व ईवी के डार्क एडिशन लॉन्च कर दिए हैं। दोनों कार को ऑल-ब्लैक थीम के साथ पेश किया गया है। ये लेवल-2 एडवांस ड्राइविंग असिस्ट सिस्टम जैसे सेफ्टी फीचर के साथ आती है। कर्व डार्क एडिशन हायर वैरिएंट अक्म्पलिश्ड एस और अक्म्पलिश्ड प्लस , जिसकी कीमत स्टैंडर्ड वैरिएंट से 32,000 रुपए ज्यादा है। वहीं, कर्व ईवी डार्क एडिशन सिर्फ टॉप स्पेक इम्पावर्ड+ ए वैरिएंट पर बेस्ड है, जिसकी कीमत रेगुलर मॉडल से 25,000 रुपए ज्यादा है। कर्व ईवीर डार्क एडिशन की एक्स-शोरूम कीमत 22.24 लाख रुपए रखी गई है। वहीं, कर्व आईसीई वर्जन की कीमत 16.49 लाख रुपए से शुरू होती है, जो 19.52 लाख रुपए तक जाती है।

### भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में तेजी रही

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली। शेयर में 1.84 फीसदी की बढ़त आई और यह 285.30 रुपये पर कारोबार करता दिखा। यह तेजी उन निवेशकों के लिए राहत लेकर आई है जो लंबे समय से इस स्टॉक में निवेश किए हुए हैं। टाटा स्टल शेयर बाय रेटिंग के साथ टाटा स्टील में तेजी की उम्मीद है। विशेषज्ञ बोले, 180 रुपये तक बढ़ेगा स्टॉक दिन की शुरूआत में बीईएल का शेयर 283 रुपये पर खुला और कुछ ही समय में यह 287 रुपये के हाई लेवल तक पहुंच गया। वहीं इसका न्यूनतम स्तर 282.65 रुपये रहा। यह दर्शाता है कि शेयर में दिनभर हल्का-फुल्का उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन सकारात्मक रुझान के साथ बंद हुआ।

# पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 84,559 करोड़ बढ़ा



सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही

## अमेरिकी-चीन शुल्क युद्ध व कंपनियों के तिमाही नतीजें तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों की चाल पिछले कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में अमेरिकी-चीन शुल्क युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों विप्रो और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। इस प्रकार की राय विश्लेषकों ने जताई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी इस सप्ताह बाजार की चाल तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के कारण सोमवार को और गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज हो गया है और दोनों देश एक-दूसरे पर शुल्क-पर-शुल्क लगा रहे हैं। इससे बाजारों में उथल-पुथल मची हुई है। घरेलू स्तर पर, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह जारी होंगे। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल के पहले सप्ताह में एक बड़ी शुल्क योजना का अनावरण किया था। व्हाइट हाउस ने बाद में चीन को छोड़कर ज्यादातर देशों के लिए जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया है। वहीं चीन ने अमेरिका पर 125 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया, जो अमेरिका के 145 प्रतिशत शुल्क के जवाब में था। हालांकि, चीन ने दुनिया की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच बातचीत के लिए दरवाजा खुला रखा है। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजार अमेरिका-चीन शुल्क मोर्चे पर आगे के घटनाक्रमों से प्रभावित होगा। कंपनियों के तिमाही नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी।

एजेंसी

**मुंबई।** पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 84,559.01 करोड़ रुपये हो गया। सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया, वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 28,700.26 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,054.27 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 19,757.27 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार पूंजीकरण 16,50,002.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अआईटीसी की बाजार हैसियत 15,329.79 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,845.57 करोड़ रुपये पर और बजाज फाइनेंस की 12,760.23 करोड़ रुपये बढ़कर 5,53,348.28 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,011.46 करोड़ रुपये बढ़कर 10,02,030.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के विपरीत टीसीएस का मूल्यांकन 24,295.46 करोड़ रुपये घटकर 11,69,474.43 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,319.11 करोड़ रुपये घटकर 5,85,859.34 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 12,271.36 करोड़ रुपये घटकर 6,72,960.97 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 8,913.09 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,34,351.86 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,958.31 करोड़ रुपये घटकर 13,82,450.37 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती यरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

### बाजार में 10 से 20 लाख रुपये कीमत की कारों ने बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय कार बाजार में अब 10 से 20 लाख रुपये की रेंज में आने वाली कारों ने अपनी खास जगह बना ली है। इन कारों में न केवल दमदार फीचर्स हैं, बल्कि साइज, परफॉर्मेंस और किफायत के लिहाज से भी ये खरीदारों को खूब लुभा रही हैं। खास बात यह है कि इस मूल्य वर्ग में कॉम्पैक्ट एसयूवी से लेकर एमपीवी तक कई सेगमेंट के मॉडल मिलते हैं। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में हाल ही में लॉन्च हुई किआ सिरोस ने बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसकी कीमत 9 लाख रुपये से शुरू होकर 17.80 लाख रुपये तक जाती है। इसमें ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले, डुअल सनरूफ और लेवल-2 अडास जैसे फीचर्स दिए गए हैं। सिरोस पेट्रोल और डीजल दोनों विकल्पों में उपलब्ध है, जिसमें मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन शामिल हैं। मिड-साइज एसयूवी की बात करें तो हुंडई क्रेटा इस सेगमेंट में लंबे समय से बादशाह बनी हुई है। 11.11 लाख से शुरू होकर 20.50 लाख रुपये तक की कीमत वाली इस एसयूवी में तीन इंजन विकल्प मिलते हैं।

# भूमि और रियलमी ने 80,000 से अधिक युवाओं को बनाया सशक्त

▶ ये प्रोग्राम शिक्षा, नेतृत्व और नागरिक संलग्नता बढ़ाने पर केंद्रित हैं, तथा वंचित युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित करते हैं



**रांची।** रियलमी और भूमि ने शैक्षिक और सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए साझेदारी की है। जहाँ भूमि भारत के अग्रणी नॉन-प्रॉफिट संगठनों में से एक है, जो युवाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है, वहीं रियलमी भारतीय युवाओं का सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड है। यह ब्रांड भारत के युवाओं की नब्ज को समझता है। रियलमी ने हमेशा इनोवेशन और सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है। इस गठबंधन द्वारा रियलमी का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए सही कौशल एवं संसाधनों के साथ अवसर भी प्रदान करना है। इस पहल द्वारा भूमि को विशाल जनसमुदाय तक पहुँचने और उन्हें एक सफल भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक टूल्स प्रदान करने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी द्वारा भूमि का उद्देश्य भूमि फैलोशिप, सोशल एंड इमोशनल लर्निंग (एसईएल) प्रोग्राम, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, इग्नाईट शेल्टर्स और भूमि क्लब्स को मजबूत बनाना है। ये प्रोग्राम शिक्षा, नेतृत्व और नागरिक संलग्नता बढ़ाने पर केंद्रित हैं, तथा वंचित युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित करते हैं। युवाओं को सही टूल्स, संसाधन और ज्ञान प्रदान करके रियलमी एक उज्जवल और समावेशी भविष्य निर्माण की ओर काम कर रहा है।

### रेटिंग के साथ टाटा स्टील में तेजी की संभावना

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार को एक शानदार बढ़त देखने को मिली। इस दिन के अंत तक, टाटा स्टील का शेयर 4.95 फीसदी बढ़कर 133.47 रुपये पर बंद हुआ। दिन की शुरूआत 134.67 रुपये से हुई थी और यह शेयर दिनभर के ट्रेडिंग के दौरान अच्छी बढ़त देखने को मिली। शुक्रवार को टाटा स्टील के शेयर ने 134.70 रुपये के साथ दिन का उच्चतम स्तर को छुआ। वहीं दिन का न्यूनतम स्तर 130.49 रुपये था। पूरे दिन के दौरान, यह शेयर 130.49 रुपये से 134.70 रुपये के बीच कारोबार करता रहा, जो इसकी स्थिरता और तेजी को दर्शाता है।

# पिछले सप्ताह बाजार में तेलों के दामों में रहा उतार-चढ़ाव

▶ सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दामों में हुआ सुधार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल ही में बाजार में तेलों के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पिछले सप्ताह ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट दशार्ते बंद हुए। साथ ही, मंडियों में किसानों की ओर से आवक कम लाने के कारण सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार के साथ बंद हुए हैं। बीते हफ्ते में आप ने देखा होगा कि सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दामों में सुधार हुआ है। इसके पीछे का कारण थी अप्रैल महीने में किसानों के आवक में कमी और चीन से सरसों डीओसी की मांग। किसानों की ओर से आवक कम लाने के कारण सरसों, सोयाबीन और मूंगफली तेल-तिलहन के भाव सुधार के साथ बंद हो गए हैं।

# पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया के लिए विशेष ऑफर्स




**रांची।** जब बात होती है त्यौहारों की, तो सोने-चाँदी की खनक और अपनों की मुस्कान सबसे पहले याद आती है। इस भावनात्मक जुड़ाव को और गहराई देने के लिए सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'बैंगल उत्सव 2025' की शुरूआत की है, जो कि विशेष रूप से पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों को और भी खास बना रहा है। सुवांकर सेन, एमडी और सीईओ, सेंको ने कहा, ?हमारी ज्वेलरी सिर्फ धातु नहीं, बल्कि एक विरासत है। 'बैंगल उत्सव' के जरिए हम हर महिला की खूबसूरती में वो पारंपरिक चमक जोड़ना चाहते हैं, जो पीढ़ियों से हमारी शान रही है। जोइता सेन, डायरेक्टर और हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिजाइन ने कहा, आपकाशुक्रिया सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि उन कारीगरों का सम्मान है, जिनके हुनर ने सेंको को वह पहचान दी है, जिस पर हम सभी गर्व करते हैं।

# लोकप्रिय ईको वैन को अहम अपडेट्स के साथ पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अपनी लोकप्रिय ईको वैन को मारुति सुजुकी ने 2025 के लिए अहम अपडेट्स के साथ पेश किया है। कंपनी ने वाहन की सुरक्षा और नियामक मानकों पर जोर देते हुए ईको में छह एयरबैग स्टैंडर्ड तौर पर दिए हैं, जो पहले की तुलना में बड़ा सुधार है, क्योंकि पहले इसमें केवल दो फ्रंट एयरबैग होते थे। यह नया अपडेट इसे मारुति की उन गाड़ियों की सूची में शामिल करता है जो सुरक्षा के मामले में नए मानकों को पूरा कर रही हैं, जैसे ऑल्टो के10, डिजायर और सेलेरियो। सुरक्षा के अन्य पहलुओं में ईको को अब तीन-बिंदु सीटबेल्ट, ईएससी, ईबीडी के



साथ एबीएस, रियर पार्किंग सेंसर और सीटबेल्ट रिमाइंडर जैसी सुविधाओं से लैस किया गया है। वाणिज्यिक और पारिवारिक दोनों तरह के ग्राहकों के लिए यह अब एक सुरक्षित विकल्प बन गया है। कंपनी ने पहले के 7-सीटर वेरिएंट को बंद कर दिया है और अब केवल 6-सीट कॉन्फि गरेशन (सभी सीटें आगे की ओर) और 5-सीटर वर्जन ही उपलब्ध हैं। 5-सीटर वर्जन में अब लगेज रिटेंशन हुक जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं। इंजन पहले जैसा 1.2-लीटर पेट्रोल ही है, लेकिन अब यह ई20 फ्यूल (20 प्रतिशत एथनॉल मिक्स) के अनुरूप है। सीएनजी वर्जन भी जारी है, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहक भी संतुष्ट होंगे। डिजाइन में हालांकि ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन अब इसमें नया फैब्रिक अपहोल्स्ट्री, रिक्लाइनिंग फ्रंट सीटें और एयरबैग फिट करने के लिए संशोधित रूफ लाइनर व पिलर ट्रिम्स शामिल हैं।

### टाटा अल्ट्राज रेसर पर मिल रही छूट

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स ने 2024 में अल्ट्राज रेसर को लॉन्च करते हुए इसे एक देसी हॉट हैचबैक के रूप में पेश किया था। यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स से लैस है और अल्ट्राज रेसर को 0 से 100 केएमपीएच की रफ्तार तक महज 11 सेकंड में पहुंचा सकता है। यह कार अल्ट्राज के रेग्युलर मॉडल पर आधारित है, लेकिन इसमें ज्यादा पावरफुल 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 118 बीएचपी और 170 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। कंपनी ने इस स्पोर्टी कार को फ्रंट वेंटिलेटेड सीट्स, सनरूफ, स्पोर्टी एग्जॉस्ट साउंड और 10.25-इंच टचस्क्रीन जैसे फीचर्स के साथ पेश किया था। हालांकि, खरीदारों से इस कार को उम्मीद के मुताबिक रिस्पॉन्स नहीं मिला और इसकी सेल्स कंपनी की अपेक्षाओं से काफी कम रही। अब टाटा मोटर्स अल्ट्राज रेसर की बिक्री बढ़ाने के लिए इस पर भारी छूट दे रही है। रेस ट्रैक पर इसके शानदार ड्राइविंग डायनामिक्स इसे अपने सेगमेंट की अन्य कारों की तुलना में तेज बनाते हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक के बिक्री के आंकड़ों को लेकर विवाद




एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक कंपनी के बिक्री को लेकर जारी किए गए आंकड़ों पर विवादों में घिरी हुई है। फरवरी 2025 में जारी हुए आंकड़े को लेकर पांच हफ्ते बीतने के बाद भी कंपनी को सफाई देनी पड़ रही है। वजह है कंपनी द्वारा बताए गए 25,000 यूनिट्स की बिक्री और व्हीकल रजिस्ट्रेशन के आधिकारिक आंकड़ों के बीच भारी अंतर। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को दिए जवाब में ओला ने ऐसे वाहनों को भी शामिल कर लिया, जो बाजार में लॉन्च ही नहीं हुए थे। 9 अप्रैल को ओला इलेक्ट्रिक ने एक्सचेंजों को एक बयान जारी कर बताया कि फरवरी की बिक्री की जानकारी उन कन्फर्म ऑर्डरों पर आधारित थी, जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत ऑर्डर प्लेसमेंट के समय पूरी तरह भुगतान किए जा चुके थे। कंपनी के मुताबिक इन ऑर्डरों में जेन 3 और रोडस्टेर एक्स जैसे नए प्रोडक्ट भी शामिल थे, जो फरवरी में फुल पेमेंट के साथ खरीदे जा सकते थे। हालांकि, सच्चाई यह है कि ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में वाहन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बाहरी एजेंसियों से हटाकर इन-हाउस कर दी थी, जिससे देशभर के आरटीओ के साथ उनके संबंधों में बाधा आई और रजिस्ट्रेशन डेटा प्रभावित हुआ। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े बताते हैं कि फरवरी में ओला की सिर्फ 8,649 यूनिट्स ही रजिस्टर्ड हुईं, जो कंपनी के दावे की एक तिहाई है। 1 मार्च को सामने आए इन आंकड़ों ने सवाल खड़े कर दिए कि जब वाहन रजिस्ट्रेशन के बिना उन्हें बेचा नहीं जा सकता, तो फिर ओला के 25,000 यूनिट्स की बिक्री का दावा कैसे सही हो सकता है।

### पेट्रोल-डीजल रिफाइन करने पर होने वाली कमाई ऐतिहासिक स्तर पर

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतें चार साल के सबसे निचले स्तर (65.41 डॉलर प्रति बैरल) आ गई हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में दाम 63.40 डॉलर प्रति बैरल थे। इस गिरावट से पेट्रोल-डीजल रिफाइन करने पर होने वाली कमाई ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 रुपए और डीजल पर रुपए 6.12 का मुनाफा हो रहा है। इसके बावजूद, तेल कंपनियों ने पिछले एक साल से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है। हाल ही में संभावना थी कि तेल कंपनियां दाम घटाएंगी। लेकिन सरकार ने 2 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी।

# आर. माधवन, सिद्धार्थ व नयनतारा ने ओटीटी पर जीता सबका दिल

**मुंबई।** आर. माधवन एक बार फिर साबित कर रहे हैं कि वे भारतीय सिनेमा के सबसे स्थायी और बहुमुखी सितारों में से एक क्यों हैं। उनकी नवीनतम फिल्म टेस्ट, जिसमें सिद्धार्थ और नयनतारा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, 4 अप्रैल को डिजिटल रिलीज के बाद से ही ओटीटी पर धमाल मचा रही है। यह थ्रिलर ड्रामा कुछ ही दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनसनी बन गई है, और 13 देशों में टॉप 10 चार्ट्स में जगह बनाते हुए दुनियाभर में ट्रेंड कर रही है। शानदार पटकथा और लीड कास्ट की दमदार परफॉर्मेंस के साथ टेस्ट सीमाओं से परे जाकर दर्शकों से जुड़ रही है। अपनी पहली ही हफ्ते




में इस फिल्म को 2.7 मिलियन व्यूअर्स और 6.5 मिलियन घंटे की व्यूइंग मिली, और यह बांग्लादेश, बहरीन, भारत, कुवैत, श्रीलंका, मालदीव, ओमान, पाकिस्तान, कतर, सिंगापुर, वअए, मॉरिशस और नाइजीरिया जैसे देशों में ग्लोबल ट्रेंड्स में तीसरे स्थान हासिल किया। यह भारतीय सिनेमा की वैश्विक लोकप्रियता को एक बार फिर सिद्ध करता है। ऑनलाइन दर्शकों और समीक्षकों की प्रतिक्रियाएं बेहद सकारात्मक रही हैं - सभी ने इसकी टेंस और इमोशन से भरपूर कहानी की खूब सराहना की है। जैसा कि टेस्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रेंड कर रहा है, यह साफ है कि आर. माधवन, नयनतारा और सिद्धार्थ की तिकड़ी ने वैश्विक दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। इस सफलता के बाद, आर. माधवन की हालिया ओटीटी रिलीज हिसाब बराबर को भी व्यापक प्रशंसा मिली। 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली बहुप्रतीक्षित केसरी चैप्टर 2 के साथ, उनकी गति धीमी होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है।

# सिट्रोएन इंडिया का एक्सक्लूसिव डार्क एडिशन लांच

**रांची।** सिट्रोएन इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे स्टाइलिश रेंज सिट्रोएन डार्क एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक एक्सक्लूसिव और सीमित कलेक्शन है, जो C3, एयरक्रॉस, और बासाल्ट रवश कूपे के टॉप वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी। इस एडिशन की कीमतें मौजूदा टॉप वेरिएंट्स की कीमतों से अतिरिक्त 19,500 से शुरू होकर बढ़ती जाती हैं। यानी, डार्क एडिशन चुनने पर आपको सामान्य टॉप वेरिएंट की कीमत के ऊपर कम-से-कम 19,500 ज्यादा चुकाने होंगे, जो मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग हो




सकते हैं। क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी और सिट्रोएन के ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी ने इस नये डार्क एडिशन को लॉन्च किया और सीरीज से पहले बेसाल्ट डार्क एडिशन की पहली डिलीवरी भी ली। इससे वह इस स्पेशल एडिशन के पहले मालिक भी बन गए। देश भर में लिमिटेड यूनिट्स में उपलब्ध, सिट्रोएन डार्क एडिशन भारतीय सड़कों पर एक यूनिक और प्रीमियम सिट्रोएन अनुभव प्रदान करने के लिए आकर्षक डिजाइन और उच्च स्तरीय इंटीरियर लाता है। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा, "डार्क एडिशन शानदार स्टाइल के साथ बोल्ड डिजाइन को शामिल करने और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती पसंद के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकी आकर्षक ऑल-ब्लैक एस्थेटिक्स, सीमित उपलब्धता और प्रीमियम एडिशन के साथ हम स्पेशलिटी का एक शानदार लेवल प्रदान कर रहे हैं जो इस लाइनअप में प्रत्येक सिट्रोएन को वास्तव में स्पेशल बनाता है। डार्क एडिशन को लॉन्च के साथ ही हम एमएस धोनी का पहले ग्राहक के रूप में स्वागत करते हुए उत्साहित हैं, जो आधिकारिक तौर पर स्टाइल में सिट्रोएन ओनर्स क्लब में शामिल हो रहे हैं।

# बाइक सीबी300आर की कुछ यूनिट्स को वापस मंगवाने का फैसला



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अपनी प्रीमियम बाइक सीबी300आर की कुछ यूनिट्स को होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने हेडलाइट से जुड़ी तकनीकी खामी के कारण वापस मंगवाने का फैसला किया है। यह रिकॉल 2018 से 2020 के बीच निर्मित यूनिट्स के लिए लागू होगा। कंपनी ने यह कदम वैश्विक स्तर पर उठाए गए ऐसे ही सुधारात्मक एक्शन के अनुरूप उठाया है। कंपनी का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह एहतियातन है और इसके तहत प्रभावित यूनिट्स के खराब हिस्सों को बदला जाएगा। कंपनी ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे होंडा बिगविंग वेबसाइट पर जाकर अपनी बाइक की विशिष्ट वाहन पहचान संख्या (वीआईएन) दर्ज करें, जिससे यह पता लगाया जा सके कि उनकी बाइक इस रिकॉल अभियान के तहत आती है या नहीं। यदि वीआईएन नंबर प्रभावित बैच से मेल खाता है, तो ग्राहक नजदीकी सर्विस सेंटर पर जाकर फ्री में मरम्मत करा सकते हैं। होंडा सीबी300आर एक प्रीमियम कैटेगरी की बाइक है जिसकी दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत करीब 2.40 लाख रुपये है और ऑन रोड कीमत लगभग 2.73 लाख रुपये तक जाती है। मार्च 2022 में लॉन्च हुई अपडेटेड सीबी300आर में नया बीएस-6 इंजन दिया गया है।

# कैंडल जलाकर शहीद सैनिकों को अर्पित की श्रद्धांजलि









**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-29 स्थित शहीद स्मारक संस्थान पर रविवार को समर्पण दिवस मनाया गया। सभी ने अमर शहीद वीरों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल लाइट समारोह की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जीएल बख्शी, पीवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने की। इसके बाद शहीदों के परिवार; स्क्वाड्रन लीडर नकवी, कैप्टन छिब्बर, कैप्टन शशिकांत, एस.एम. और मेजर उदय सिंह, एस.सी., एस.एम.; अरुण विहार एवं जलवायु विहार के प्रमुख, मेजर जनरल डी के सेन, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) शहीद स्मारक के कार्यकारी निदेशक; लेफ्टिनेंट जनरल एसके वर्मा, लेफ्टिनेंट जनरल वाईपी खुराना, ब्रिगेडियर बाली, कमांडर नरिंदर महाजन, कर्नल वेनिश राय, ओपी मेहता, महेंद्र कुमार, खरब और संजय खरबंदा; आर्मी पब्लिक स्कूल के शिक्षक, छात्र; गौतमबुद्ध नगर के नागरिकों ने मोमबत्तियाँ जलाकर 41 शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# बाबा साहेब आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने दीप जलाए



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश डॉ सुभाष यदुवंशी ने डॉ. अंबेडकर पार्क सेक्टर-37 में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप चलाए। इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश त्यागी, चंदगीराम यादव, मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौहान, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, रोहित जाटव, पंकज झा, प्रवेश जाटव, अमित वाल्मीकि, अंकुश चौधरी, केशव शर्मा, सत्येंद्र सिरोही उपस्थित रहे।

# 27 को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाएगा ब्राह्मण समाज महासंघ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-71 शिव शक्ति अपार्टमेंट के सामुदायिक केन्द्र में ब्राह्मण समाज



महासंघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम 27 अप्रैल को सायं 3 बजे सेक्टर-6 के इंदिरा गांधी कला केन्द्र में मनाया जाएग। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने की।

इस मौके पर लोकेश त्रिपाठी, के.के. मिश्रा, अरुण मिश्रा, संजय मिश्रा, राजेश शुक्ला, गगन झा, अशोक झा, प्रभाकर झा, सुनील मिश्रा, देवाशीष पाठक, अक्षय द्विवेदी, धूप नारायण उपाध्याय, अशोक त्रिपाठी, विजय ओझा आदि उपस्थिति रहे।

# ब्राह्मण समाज में पनप रही समस्याओं पर जताई चिंता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के चिटहेड़ा गांव स्थित आवास पर पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज की समस्याओं पर चिंतन मनन कर उनके निराकरण का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने कहा कि समाज में रोजाना नई-नई समस्याएं आने से माहौल खराब हो रहा है। शादी के बाद छोटी-छोटी बातों पर विवाद के मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में अक्सर लड़का व लड़की दोनों की ही गलती होती है। सही मार्गदर्शन ना होने की वजह से छोटी छोटी गलतियां समय के साथ बड़ी होती चली जाती है और वैवाहिक जीवन खतरे में पड़ जाता है। अक्सर परिजन भी मामले को सुलझाने के बजाय उसे और उलझा देते हैं इससे दांपत्य स्थिति और बिगड़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में समाज के जिम्मेदार लोगों को सामने आकर इन्हें सुलझाना चाहिए।

इस मौके पर जिला महामंत्री परमानंद शर्मा, मास्टर रामकुमार शर्मा, मास्टर रविंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, ज्ञान शर्मा, जयप्रकाश शर्मा,मनोहर लाल शर्मा, मदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ‘आप’ ने श्रमदान कर डॉ. अम्बेडकर को किया याद





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-37 डॉ. बी.आर.अम्बेडकर पार्क में आम आदमी पार्टी ने श्रमदान का उत्सव मनाया।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता, युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, इस श्रमदान महाअभियान में शामिल हुए। सभी ने पार्क की सफाई कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा आज हमारा हर पसीना बाबा साहब के संविधान को मजबूत करने की शपथ है। स्वच्छता सिर्फ सड़कों की नहीं, बल्कि हमारे मन और समाज की भी जरूरी है।

युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा हमारा हर कदम एक स्वच्छ, सशक्त और एकजुट भारत की नींव रख रहा है।

इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो, जिला महासचिव कैलाश शर्मा,संगठन मंत्री प्रशांत रावत,प्रवीण धीमान,नवीन भाटी,जयकिशन जैसवाल, विजय श्रीवास्तव, नितिन प्रजापति, गौरव गौतम, माधव मिश्रा, सुनील कुमार, विनोद ठाकुर, सिकंदर ठाकुर, मोहित चौधरी, आलम, रामकुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

